दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 16 | अंक 352 | सीकर, बुधवार 18 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# सकारात्मक पहल ने सरकारी स्कूल हाँसलसर की सुखद तस्वीर दिखाई




## सरकारी स्कूल को संवारने का संकल्प, गांव में पढ़ाई का माहौल बनायेगा

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** एसबीआई ग्राम सेवा परियोजना, एसबीआई फाउंडेशन की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की एक प्रमुख पहल है। यह एक एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य गांवों का समग्र सामाजिक, आर्थिक विकास करना है। ग्राम सेवा परियोजना के बड़ागांव क्लस्टर में एसबीआई फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से अर्पण सेवा संस्थान द्वारा क्रियान्वयन परियोजना क्षेत्र के पांच गांव बड़ागांव, सैनीपुरा, नाटास, हांसलसर व भडुन्दा कलां में गांव के लगभग 25 हजार आबादी का सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। कार्यक्रम के क्रियान्वयन में प्रशिक्षित व अनुभवी स्टाफके द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं।



## एसबीआई ग्राम सेवा की मुख्य गतिविधि

### ग्राम सेवा केंद्र

बड़ागांव में स्थित ग्राम सेवा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणजन, विद्यार्थियों, किसानों व पशुपालकों को विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र, पेंशन, जमाबंदी, ऑनलाइन आवेदन व रोजगार से संबंधित सूचनाओं व सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस भवन में बिजली की आपूर्ति सोलर के माध्यम से हो रही है। यहाँ पर आधुनिक प्रशिक्षण कक्ष बनाया गया हैं।

### मॉडल स्कूल गतिविधि

परियोजना क्षेत्र के ग्राम हांसलसर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं हेतु कंप्यूटर क्लासेस लैब, साइंस लैब, स्मार्ट क्लासरूम, गर्ल्स कॉमन रूम, ओपन जिम के साथ ही सुरक्षित स्वच्छ पेयजल जल व्यवस्था, शौचालय, स्कूल भवन का नवीनीकरण किया गया है, पूरी स्कूल का सोलर इलेक्ट्रिक फिकेशन किया गया हैं, जिससे बिजली की बचत हो रही हैं। इसके साथ प्रशिक्षित अनुभवी मॉडल स्कूल इंचार्ज के द्वारा उपरोक्त गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

### अन्य शैक्षणिक गतिविधि

परियोजना क्षेत्र के पांचों गांव में प्रत्येक गांव में राजकीय प्राइमरी स्कूल का नवीनीकरण किया जा रहा है, प्रत्येक गांव की आंगनवाड़ी का नवीनीकरण किया जा रहा है। शिक्षा, खेलकूद व अन्य गतिविधि में होनहार बच्चों को एसबीआई ओजस स्कॉलरशिप दी जा रही है, 100 बच्चों को स्कालरशिप दी जाएगी। 100 छात्राओं को साइकिल दी जाएगी। प्रत्येक गांव में एक रिमेडियल क्लास चलाई जा रही है जिसका उद्देश्य है कि जो बच्चे स्कूल में नहीं जा पाते हैं या स्कूल में शिक्षा में पिछड़ जाते हैं, उन बच्चों की अलग से क्लास लगाकर उनको शिक्षा प्रदान करना, शिक्षा के नए आयाम से 150 निर्धन छात्र लाभान्वित हो रहे हैं।

### एसबीआई संजीवनी

एसबीआई संजीवनी का मुख्य उद्देश्य है प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करना। परियोजना क्षेत्र के पांच गांव के साथी अन्य पांच गांवों को परियोजना क्षेत्र के





समीप है उनमें एसबीआई संजीवनी एम्बुलेंस के माध्यम से प्रशिक्षित डॉक्टर व स्टाफ के द्वारा प्रतिदिन दो कैंपों का आयोजन करवाया जा रहा है। जिसमें नि:शुल्क जाँच व दवाइयां दी जा रही है साथ ही सुबह-शाम ग्राम सेवक केंद्र पर भी सेवाएं दी जा रही दी हैं व गंभीर हालत वाले मरीजों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की जा रही है।

### स्वच्छता व साफ सफाई से संबंधित

स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए कचरा संग्रहण वाहन लगाया गया है जो परियोजना क्षेत्र के गांव में प्रतिदिन कचरा इकट्ठा करता है और उसका निस्तारण के लिए प्रत्येक गांव में एक कंपोस्ट किट बनाया गया है जिसमें उसका निस्तारण किया जाता है। प्रत्येक गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। प्रत्येक गांव में कॉमन टॉयलेट रिपेयरिंग का काम करवाया जा रहा है।

### कृषि संबंधित गतिविधियां

ग्राम भडुन्दा कला में कस्टम हायरिंग सेंटर का निर्माण किया गया जिसमें किसानों की सुविधा हेतु कृषि उपकरण दिए गए जिसमें हेरा, कल्टीवेटर, मोर पलाऊ, थ्रेसर, कुटी मशीन, रीपर आदि कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए दिए गए। जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु 100 किसानों को गेहूं, पालक, धनिया, मिर्ची, गोभी के बीज का प्रदर्शन दिया गया जिससे कृषक परिवार जैविक तरीके से उत्पादन करके व्यापार में अच्छे भाव प्राप्त कर सके साथ ही जीवामृत, वर्मी कंपोस्ट प्रदर्शन हेतु यूनिट लगवाई गई उपलब्ध जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। किसानों की भूमि के साथ भूमि का स्वास्थ्य भी बना रहे जिसे कृषक भूमि के स्वास्थ्य में सुधार हो व बाजार भाव भी अच्छा मिल सके। अभी तक 250 किसानों को प्रशिक्षण व आदान देकर लाभान्वित किया जा चुका है। 25 गरीब महिलाओं को 2-2 बकरी दी जायगी व 25 महिलाओं को 50-50 देसी मुर्गी दी जाएगी।

### सालिहोत्र एक्सप्रेस

पशुओं के स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार हेतु परियोजना क्षेत्र के पांच गांव के साथी नजदीकी पांच गांव में शालीहोत्र एक्सप्रेस वाहन के द्वारा प्रत्येक गांव में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाकर व पशुपालक के घर पर जाकर रोग में बीमारियों का इलाज प्रशिक्षित डॉक्टर स्टाफ द्वारा किया जा रहा है। साथ ही कृत्रिम गर्भाधान के द्वारा उन्नत नस्ल के जानवरों हेतु नस्ल सुधार कार्यक्रम चलाए जा रहा है।

### महिला उत्थान कार्यक्रम

महिला उत्थान के लिए एसबीआई प्रेरणा केंद्र स्थापित किया गया जो कि बड़ागांव में ग्राम सेवा केंद्र पर है। इस प्रेरणा केंद्र पर गांव की महिलाएं सिलाई सीख कर अपना रोजगार चला सकती हैं। गरीब महिलाओं के उत्थान के लिए उनकी सहायता की जा रही है, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देखकर उनके स्वरोजगार की समुचित व्यवस्था की जा रही है, अनुभवी ट्रेनर के माध्यम से महिलाओं को सेल्फडिफेंस की ट्रेनिंग दी जा रही है।

### युवा प्रशिक्षण केंद्र

युवा प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से परियोजना क्षेत्र के गांव हांसलसर में कंपनी हालदार मेजर पीरू सिंह शेखावत युवा प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है जिसमें 500 को युवाओं को सैन्य, अर्द्धसैनिकबल, पुलिस व अन्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है । युवा प्रशिक्षण केंद्र में तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को थ्योरी क्लासेस व कंप्यूटर क्लासेस भी इस केंद्र पर संचालित की जा रही है।

### प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन

बरसाती पानी को बचाने के उपाय चलाए जा रहे हैं, एसबीआई जन-वन ट्री प्लांटेशन के तहत नाटास गांव में 500 पेड़ लगाकर उनकी पानी की वह देखभाल सुनुचित व्यवस्था की जाएगी, परियोजना क्षेत्र के गावों में 60 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई है, प्रत्येक गांव के सामुदायिक भवन का नवीनीकरण किया जा रहा है।

### अन्य गतिविधि

परियोजना क्षेत्र के गांव में विकलांगों को 17 ट्राई साइकिल वितरित की गई, राजकीय स्कूल के बच्चों को स्टेशनरी, स्वेटर व बेग वितरित किए गए हैं।

# बबलू चौधरी के होली स्नेह मिलन में मरू कोकिला सीमा मिश्रा के स्वर गूंजेंगे

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के केहरपुरा कलां गांव में 1 मार्च रविवार को नंदनवन फार्म हाउस पर आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। मरू कोकिला के नाम से विख्यात लोक गायिका सीमा मिश्रा अपनी मधुर आवाज और पारंपरिक राजस्थानी लोकगीतों से पूरे माहौल को सराबोर करेंगी। झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण और शहरी अंचलों से बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों के पहुंचने की संभावना है। मिश्रा का अपने गृह जिले में लंबे समय बाद मंच पर आगमन हो रहा है, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। जिले के बिसाऊ कस्बे की बेटी सीमा मिश्रा ने अपने स्वरों से न केवल राजस्थान बल्कि देश और विदेशों में भी पहचान बनाई है। उनके द्वारा गाए गए लोकगीत हर उम्र के श्रोताओं बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के साथ-साथ महिलाओं की पहली पसंद रहे हैं। पारंपरिक गीतों से लेकर होली के उल्लास भरे धमालों तक उनकी प्रस्तुति श्रोताओं को लोक संस्कृति की जड़ों से जोड़ती है।

**फागुनी रंग में रंगें का केहरपुरा का नंदनवन**- कार्यक्रम में शेखावाटी क्षेत्र की फतेहपुर और मण्डावा की प्रसिद्ध चंग मंडली भी विशेष आकर्षण रहेंगी। चंग की थाप, ढोलक की संगत और पारंपरिक होली गीतों के साथ कलाकार रंगारंग प्रस्तुति देंगे, जिससे पूरा वातावरण फागुनी रंग में रंग जाएगा। ग्रामीण संस्कृति





और आधुनिक मंच द्वारा प्रस्तुति का यह संगम दर्शकों के लिए यादगार अनुभव साबित होने की उम्मीद है। इस सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भाजपा नेता निषित कुमार (बबलू चौधरी) एवं उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोक कलाकारों को भी मंच दिया जाएगा ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर भी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। होली के पावन अवसर पर आयोजित यह स्नेह मिलन समारोह न केवल सांस्कृतिक एकता का संदेश देगा बल्कि शेखावाटी की समृद्ध लोक परंपराओं को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। लंबे इंतजार के बाद मरू कोकिला मिश्रा के स्वरों से सजी यह संध्या निश्चित रूप से केहरपुरा कलां झुंझुनू विधानसभा और आसपास के क्षेत्र के लिए अविस्मरणीय बन सकती है।

# जल जीवन मिशन घोटाला : एसीबी ने किए नौ इंजीनियर-अधिकारी गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जल जीवन मिशन में हजारों करोड़ रुपये के कथित भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने मंगलवार अलसुबह कार्रवाई करते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई एसीबी में दर्ज प्रकरण संख्या 245/2024 के तहत गठित विशेष जांच दल एसआईटी द्वारा की गई। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि जल जीवन मिशन में हजारों करोड़ रुपये के कथित भ्रष्टाचार मामले में एसआईटी ने जयपुर, बाड़मेर, उदयपुर, करौली, दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर करीब डेढ़ दर्जन टीमों के साथ एक साथ दबिश दी। गिरफ्तार आरोपियों में दिनेश गोयल वर्तमान मुख्य अभियंता प्रशासन, केडी गुप्ता मुख्य अभियंता ग्रामीण, सुभांशु दीक्षित तत्कालीन सचिव आरडब्ल्यूएसएसएमए वर्तमान अतिरिक्त मुख्य अभियंता जयपुर द्वितीय, सुशील शर्मा वित्तीय सलाहकार अक्षय ऊर्जा, निरिल कुमार मुख्य अभियंता चूरू, विशाल सक्सेना अधिशाषी अभियंता, निलंबित, अरुण श्रीवास्तव अतिरिक्त मुख्य अभियंता, सेवानिवृत्त, डीके गौड़ तत्कालीन मुख्य अभियंता व तकनीकी सदस्य, सेवानिवृत्त तथा महेंद्र प्रकाश सोनी तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, सेवानिवृत्त शामिल हैं। वहीं जांच में सामने आया कि मैसर्स श्री गणपति ट्यूबवेल कम्पनी प्रोपराइटर महेश मित्तल और मैसर्स श्री श्याम ट्यूबवेल कम्पनी प्रोपराइटर पदमचंद जैन ने इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के फर्जी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र तैयार कर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पीएचईडी के उच्च अधिकारियों से मिलीभगत कर लगभग 960 करोड़ रुपये के टेंडर हासिल किए। जांच में यह भी सामने आया कि 50 करोड़ रुपये से अधिक के मेजर प्रोजेक्ट्स में नियमों के विरुद्ध साइट विजिट प्रमाण पत्र की शर्त जोड़कर बोली दाताओं की पहचान उजागर की गई और टेंडर पूलिंग के जरिए असामान्य रूप से ऊंचे प्रीमियम स्वीकृत किए गए।

# मैट्रिक्स के छात्र साहिल ने पाई शानदार सफलता

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान मैट्रिक्स के छात्र साहिल ने एनटीए द्वारा आज घोषित परीक्षा में 99.97 पर्सेंटाइल प्राप्त कर संस्थान के साथ-साथ अपने जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि साहिल मैट्रिक्स हाई स्कूल का 7जी क्लास से नियमित छात्र है और 12जी के साथ उसने ये सफलता पाई है। साहिल के पिताजी सुरेन्द्र कुमार भारतीय सेना में सूबेदार जनरल के पद से सेवानिवृत्त हैं व माताजी श्रीमती बीना देवी गृहणी हैं और मूलत: हिरणा, फतेहपुर शेखावाटी, सीकर के रहने वाले हैं। साहिल के माता पिता ने बताया कि अपनी तैयारी के दौरान साहिल के चिकन पॉक्स हो गए पर उसने बिना एक दिन भी अध्ययन को रोके इस सफलता को सुनिश्चित किया। साहिल ने बताया कि उसके मेंटर अनिल गोरा सर रहे और उसने नियमित रूप से मैट्रिक्स द्वारा प्रदान की जा रही क्लासेस और मार्गदर्शन को फॉलो किया और इस सफलता को प्राप्त किया। साहिल इस सफलता का श्रेय अपने माता.पिता के साथ-साथ मैट्रिक्स की फैकल्टी टीम को देते हुए बताता है कि उसका सपना देश की टॉप आईआईटी से इंजीनियरिंग करना है। संस्थान ने इस अवसर पर साहिल व उसके माता पिता का सम्मान किया व उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान की।

# प्राथमिक विद्यालय तक सड़क निर्माण की मांग



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** लाम्बी जोहड़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय तक पक्की सड़क निर्माण की मांग ग्रामीणों ने उठाई है। किसान नेता सुभाष बुगालिया व विजेंद्र सिंह आदि ने बताया कि विद्यालय तक पहुंचने का मार्ग कच्चा व जर्जर हालत में है, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में रास्ते में कीचड़ हो जाने से बच्चों का विद्यालय आना-जाना मुश्किल हो जाता है। कई बार फिसलन के कारण दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है। सड़क नहीं होने से आपात स्थिति में भी विद्यालय तक पहुंचना कठिन हो जाता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से शीघ्र संज्ञान लेकर विद्यालय तक पक्की सड़क का निर्माण करवाने की मांग की है, ताकि बच्चों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से न केवल शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी।

# नन्दियों के लिए लापसी की सवामणी बनाकर खिलाई



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा नगरपालिका द्वारा निर्मित व निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा संचालित रायसर रोड़ पर स्थित नन्दीशाला नोखा में फाल्गुन माह की अमावस्या के पुनीत अवसर पर नन्दीशाला नोखा में आज लापसी की सवामणी बनाकर नन्दियों को खिलाई गई।समिति के बजरंग पालीवाल ने बताया कि इस मौके पर आज 53 सवामणी का सहयोग नन्दियों के लिये अलग-अलग दानदाताओं द्वारा किया गया। नन्दीसेवक लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा परिवार व नन्दीसेवको द्वारा हरि सब्जियां व गुड़ नन्दियों को खिलाई गई। अमावस्या के पावन अवसर पर आज नन्दीग्रास मासिक योजना के अंतर्गत भी अलग-अलग भामाशाहों द्वारा सहयोग प्राप्त हुवा व देवाराम कुलरिया परिवार द्वारा 1 पिक-अप चारा नन्दियो के लिए डलवाया गया व चम्पालाल किशोर कुमार चाण्डक परिवार द्वारा चुग्गा नन्दीशाला में पक्षियों के लिए डलवाया गया। इस अवसर पर निराश्रित गोवंश सिमिति द्वारा सभी भामाशाहो का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समिति के बजरंग पालीवाल, मोहनलाल लखारा, जयकिशन बागड़ी, निर्मल कुमार झंवर, ओमप्रकाश झंवर, नारायण पारीक, इन्द्रचन्द झंवर, प्रकाश गट्टानी, जुगलकिशोर झंवर, राकेश साध, बालकिशन राठी, सुरेश राठी, ललित बिहाणी, मूलचंद तिवाड़ी, सुरेश राठी, शंकरलाल नाई, गौरीशंकर बागड़ी, विकास तोषनीवाल, विजय सोनी, राजू रांकाएकपिल गोड़ व मातृ शक्ति और नन्दी सेवक उपस्थित रहे।

# आज होगी श्याम दरबार मंदिर में ध्वज निशान स्थापना

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** खाटू धाम मंदिर के शिखर पर वर्ष भर लहराने वाले ऐतिहासिक सूरजगढ़ निशान की स्थापना बुधवार प्रात: सवा दस बजे विधि विधान से की जाएगी। श्याम दरबार धाम के महंत हजारीलाल इंदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि श्याम दरबार सूरजगढ़ के 378 वें निशान की स्थापना बुधवार को मंदिर प्रांगण में होगी। निशान की सुबह शाम महाआरती होगी। इसके साथ ही 22 फरवरी को प्रात: सवा दस बजे निशान पद यात्रा बैंडबाजों व डीजे के साथ खाटु धाम के लिए रवाना हो जाएगी जिसमें हजारों की संख्या में पदयात्री भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि निशान में सबसे आगे श्रीबालाजी महाराज की ध्वजा उसके पीछे सैकड़ो की संख्या में महिलाएं सिर पर जलती हुई सिगड़ी लेकर चलेंगी। निशान के नीचे हजारों की संख्या में भक्तों का जत्था होगा सूरजगढ़ निशान शान से लहराता हुआ चलेगा। पदयात्रा चार दिन के पड़ाव के बाद खाटु धाम पहुंचेगी। पदयात्रा का पहला पड़ाव सुलताना दूसरे दिन गुढ़ा गौड़जी तीसरे दिन गुरारा रात्रि विश्राम करते हुए चौथे दिन खाटु में प्रवेश करेगी जहां पर भक्तों द्वारा निशान की पूजा अर्चना की जाएगी तत्पश्चात श्री खाटू धाम स्थित सूरजगढ़ धर्मशाला में निशान स्थापित किया जाएगा। सूरजगढ़ धर्मशाला में तीन दिन तक निशान की पूजा अर्चना के साथ-साथ भजन सत्संग श्याम अमृतवाणी का पाठ किया जाएगा। फाल्गुन शुक्ल द्वादशी को प्रात: 10:15 निशान खाटू धाम के शिखर पर अर्पित किया जाएगा।

# एसीआई फाउण्डेशन के विद्यार्थियों ने जेईई मैंस सेशन-1 में प्राप्त की सफलता

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सस्थान के इस वर्ष जेईई मैंस सेशन प्रथम के परीक्षा परीणाम में छात्र कनिष्क चौधरी पुत्र राहुल तेतरवाल ने सर्वाधिक 97.07 पर्सेन्टाइल, हर्षित पुत्र शिवरतन ने 94.85 पर्सेन्टाइल, छात्र प्रविण कुमार पुत्र रामनिवास ने 94.14 पर्सेन्टाइल, रौनक पुत्र नितेश कुमार ने 92.86 पर्सेन्टाइल, आदित्य कुमार पुत्र विनोद कुमार ने 91.89 पर्सेन्टाइल और साथ ही छात्र हर्षित सैनी पुत्र सुरेन्द्र सैनी ने 87.04 पर्सेन्टाइल प्राप्त कर गत वर्ष की कट ऑफ के आधार पर जेईई एडवांस परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया। फाउण्डेशन हैड विजय सैनी ने बताया की वर्ष 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर 13 लाख विद्यार्थियों ने मैंस परीक्षा में भाग लिया था जबकि एसीआई के प्रत्येक तीसरे विद्यार्थी ने एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है, प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी एसीआई फाउण्डेशन का परिणाम शानदार रहा।

विद्यार्थियां व उनके अभिभावकों का संस्थान द्वारा माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक मनोज शर्मा व विकास शर्मा ने जेईई मेन्स द्वितीय व एडवांस में सफलता के लिए और अधिक मेहनत करने की सलाह दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर फाउण्डेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिव्या रोहिला, धमेन्द्र नागर, दिनेश वर्मा, अशोक जाँगिड़, राधेश्याम शर्मा, महेन्द्र सिंह, दिनेश आचार्य, दिवेंक शर्मा, कविता राठौड़, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, रितिका बहुगुणा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, वैशाली, पूनम शर्मा, प्रशस्ति कसाना, नरेश कुमार, हेमन्त जाँगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील, यश शर्मा उपस्थित थें।

# 510 स्काउट गाइड्स को मिला राज्य पुरस्कार अवार्ड

जयशंकर जांगिड़




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र जगतपुरा जयपुर में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता तथा स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य के विशिष्ट आतिथ्य में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस कार्यक्रम में झुंझुनू जिले के कानोड़िया कॉलेज मुकुंदगढ़ के रोवर अंकित कुमार, एसएनएमटी गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज झुंझुनू की रेंजर प्रगति शर्मा, जीपीएस पोदार स्कूल नवलगढ़ के जयंत, जतिन स्वामी, दिग्विजय सिंह शेखावत, यश जांगिड़ तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुल्ताना की गाइड कोमल कंवर, चीनू सैनी को राज्य पुरस्कार अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया तथा स्काउट गाइड के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया को मेडल ऑफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया। राज्य स्तरीय पुरस्कार सम्मान समारोह में जिले से गाइड कैप्टन अनीता कटेवा एवं स्काउट प्रभारी रौनक वर्मा के नेतृत्व में स्काउट गाइड, रोवर्स रेंजर्स ने सहभागिता की। सीओ कालावत ने बताया कि जिले के 271 स्काउट, 167 गाइड्स, 44 रोवर्स, 28 रेंजर्स इस प्रकार कुल 510 स्काउट गाइड एरोवर रेंजर को राज्य पुरस्कार अवार्ड से राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र जारी किए गए।

सभी के प्रशस्ति पत्र जिला कार्यालय में उपलब्ध हो चुके हैं संबंधित विद्यालयों के प्रभारी अधिकारी कार्यालय समय में राज्य पुरस्कार अवार्ड प्राप्त कर सकते हैं। जिले की इस विशिष्ट उपलब्धि पर जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, स्काउट जिला अध्यक्ष गंगाधर सिंह सुंडा, जिला कमिश्नर रोवर एवं मोरारका कॉलेज प्राचार्य सुरेंद्र न्योला, एसएनएमटी गर्ल्स कॉलेज झुंझुनू प्राचार्य डॉ रामकुमार सिंह, कानोड़िया कॉलेज प्राचार्य डॉ बी.डी. शर्मा, बालिका स्कूल सुल्ताना प्रधानाचार्य रविंद्र मीणा, जीपीएस पोदार स्कूल प्रधानाचार्य जीन जी के सीओ गाइड प्रियंका कुमारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त चिरंजीलाल शर्मा, रेंजर लीडर डॉ अभिलाषा आबूसरिया, रोवर लीडर, डॉ मांगू सिंह शेखावत, स्काउट गाइड कमिश्नर्स, सचिवों सहित अनेक पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# जेईई मैंस में स्वर्णिम के राहुल कुमावत ने 97.28 परसेंटाइल स्कोर कर रचा इतिहास

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस की सीसीए शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित स्वर्णिम करियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस सेशन 1 के परिणाम में फिर से सफलता का नया इतिहास रचा। संस्थान निदेशक डॉ. अजय सक्सेना ने बताया की संस्थान के जेईई मेंस के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लेकर 10 विधार्थियों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया। जेईई मेंस के रिजल्ट में चार विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक का स्कोर प्राप्त कर अपनी कामयाबी का परिचय दिया। जेईई विंग प्रभारी महेंद्र सामोता ने बताया की छात्र राहुल कुमावत 97.28 परसेंटाइलए आलोक कुमार 91.49 परसेंटाइलएकरन मीणा 90.73 परसेंटाइल, रितेश कुमार वर्मा 90.11 परसेंटाइल और निशान्त ने 89.61परसेंटाइल स्कोर प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्थान में समारोह आयोजित कर विधार्थियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।

साथ ही संस्थान परिसर में डीजे की धुन पर छात्र-छात्राओं ने जमकर नृत्य किया व खुशी का इजहार किया। सभी छात्र-छात्राओं को संस्थान संरक्षक रमेश चंद्र सक्सेना, सह निदेशक कविता सक्सेना, स्वर्णिम कोऑर्डिनेटर रघुवीर सिंह तंवर, महेंद्र कुमार महला, झाबर निठारवाल, नीट विंग प्रभारी प्रदीप सैनी, रमेश हरितवाल, मुकेश देवंदा, पिंटू कुमावत, भाग चन्द कुमावत, मुकेश मील, दिनेश सैनी, पंकज बागड़िया, विक्रम यादव, अर्जुन राजोरिया, केदार बुला, सुशील मीणा, शीलू पारीक, मनोज कुमावत, देवेंद्र रत्नू, अशोक मोगा सहित सभी स्टाफसाथियों ने बधाई दी व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# आंगनवाड़ी केंद्र पर मीटिंग आयोजित



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** चिड़ासन में अमावस्या के दिन आंगनवाड़ी केंद्र पर महिला अभिभावकों की बैठक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भतेरी देवी ने की। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य कार्यकर्ता कमलेश थी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता कमलेश ने अभिभावक महिलाओं को बच्चों की परवरिश के बारे में बताएं एवं बाल्यावस्था की प्रारंभिक स्टेज पर कैसी शिक्षा दी जाए एवं बच्चों के खानपान बैठने उठने पर विशेष ध्यान रखा जाए खाने के लिए बच्चों को क्या-क्या चीज उपयोगी पोषक साबित हो सकती हैं। उसके बारे में विस्तार से जानकारी दें। कार्यक्रम की बैठक में कमला देवी, कविता देवी, बबली देवी, पूजा देवी, सुशीला देवी, मनीषा देवी, विमला देवी, सुनिल आदि बैठक में उपस्थित रहे है।

# विभिन्न विभागों के कार्मिकों की 20 को होगी एनसीडी स्क्रीनिंग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आगामी 20 फरवरी को महिला अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल अधिकारिता विभाग एवं शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त 30 वर्ष से अधिक कार्मिकों की एनसीडी स्क्रीनिंग की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विभागों यथा महिला अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल अधिकारिता विभाग एवं शिक्षा विभाग में कार्यरत 30 वर्ष से अधिक समस्त कार्मिकों की एनसीडी स्क्रीनिंग की जाएगी।

इसमे चिकित्साकर्मियों द्वारा कार्मिकों के रक्तचाप, मधुमेह, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सवाईकल कैंसर जैसी गैर.संचारी बीमारियों एनसीडी की स्क्रीनिंग की जाएगी।

उन्होंने बताया कि एनसीडी स्क्रीनिंग के सफल आयोजन के लिए समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# शहर की सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए फील्ड पर उतरी टीम

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम की टीम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में टॉप तीन में आने के लिए लगातार एक्शन मोड में कार्य कर रही है। मंगलवार को नगर निगम की पूरी टीम फील्ड पर उतरी। सभी वार्ड ओआईसी ने आवंटित वार्ड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सभी ओआईसी ने सफाई कर्मचारियों की हाजिरी, मुख्य मार्गों पर कचरा पात्र की स्थिति, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का फीडबैक, सफाई कर्मचारी प्रोपर यूनिफॉर्म में है या नहीं, कचरा डिपो की स्थिति, अवैध हॉर्डिंग-बैनर-पोस्टर, सी एंड डी वेस्ट, सार्वजनिक शौचालय की स्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। आयुक्त गौरव सैनी ने बताया कि शहर को स्वच्छ रखना हमारे लिए प्राथमिक कार्य है। तकनीक का उपयोग, प्रभावी मॉनिटरिंग, आमजन को समझाइश, धरातल पर सफाई, जन भागीदारी और जन जागरूकता से ही शहर स्वच्छ और सुंदर बन सकेगा। सभी जोन उपायुक्तों को भी सुबह फील्ड में सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के निर्देश दिये गये है, जिसके तहत सभी जोन उपायुक्तों द्वारा फील्ड में जाकर सफाई व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। आयुक्त के निर्देश पर मंगलवार को वार्ड ओआईसी सुबह 7:30 बजे से 9 बजे तक आवंटित वार्ड की सफाई व्यवस्था को परखने फील्ड पर उतरे। मौके पर जाकर स्वच्छता के विभिन्न मानकों को जाँचा। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था का आमजन से फीडबैक लिया। आमजन को गंदगी न फैलाने के लिए समझाइश की तथा मौके पर कैरिंग चार्ज भी वसूल किया।

# बलिदानी योद्धाओं के परिवारों का किया सम्मान



निसं

**सालासर ( नवयत्न )।** चूरू जिले के बलिदानी योद्धा के परिवार सम्मान समारोह का आयोजन राजस्थान लिंक डॉट कॉम द्वारा आर एन शिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल कुमार पूनिया, मान्डेता धाम सुजानगढ़ के महंत कानपुरी महाराज ने शहीद परिवारों को शॉल, सम्मान पत्र व चैक प्रदान कर सम्मान किया। समारोह में राजस्थान लिंक डॉट कॉम के साथ में सन् क्रिप्टो जयपुर, श्री हनुमान सेवा समिति सालासर, श्री आर एन एज्युकेशनल इंस्टीट्यूट सालासर, सालासर परिक्षेत्र अग्रवाल समाज संस्थान सालासर, बीएम हॉटल एण्ड चैधरी पार्किग सालासर, न्यू भारत ऑटोमोबाईल एण्ड सर्विस सेन्टर सालासर, श्री अंजना ग्रुप सालासर, श्री बालाजी मोती सीमेन्ट एजेंसी एण्ड स्टोन सालासर, विप्र सेवा समिति सालासर आदि सहयोगी संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान सन् क्रिप्टो जयपुर के डायरेक्टर दिलखुश गुर्जर, राजस्थान लिंक डॉट कॉम के सीईओ भरत सैन, मनोज पुजारी, बेगाराम ढाका, डॉ लादूसिंह राव, भंवरलाल प्रजापत, रणजीत गोदारा, धन्नाराम सेन, मुरली प्रजापत, नरेश अग्रवाल, योगेश प्रजापत, पूजा प्रजापत आदि मौजूद रहे।

# आकाश इंस्टीट्यूट राजस्थान ने जेईई मैंस 2026 में रचा इतिहास



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड एईएसएल के राजस्थान क्षेत्र के साठ विद्यार्थियों ने जेईई मेन सेशन वन में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र में शैक्षणिक कार्यक्रम की निरंतर सफलता को साबित किया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा सौलह फरवरी को घोषित परिणामों के अनुसार आकाश इंस्टीट्यूट, राजस्थान क्षेत्र के साठ विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2026 में उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्ट अखिलेश दीक्षित ने बताया कि यर्थव अग्रवाल 99.93 पर्सेंटाइल के साथ टॉप स्कोरर बने। उनके बाद दिव्यांशु जैन ने 99.89 पर्सेंटाइल और लिशा अग्रवाल ने 99.87 पर्सेंटाइल हासिल किए। स्वास्तिक बिकास देब ने 99.86 पर्सेंटाइल प्राप्त कियाए जबकि वेदिक दाधीच ने 99ण्82 पर्सेंटाइल हासिल किए। वहीं कनिष्क शर्मा ने 99.81 पर्सेंटाइल प्राप्त किए, वहीं उपलक्ष्य गोयल और प्रियंश भंडारी दोनों ने 99.79 पर्सेंटाइल हासिल किए। गर्गी पालीवाल ने 99.77 पर्सेंटाइल, प्रियंशु गुप्ता ने 99.75 पर्सेंटाइल और विभोर माहेश्वरी ने 99.74 पर्सेंटाइल प्राप्त किए, जो जेईई मेन 2026 में राजस्थान क्षेत्र की मजबूत शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। दीक्षित ने बताया कि राजस्थान के उनके विद्यार्थियों के असाधारण परिणाम उनकी शैक्षणिक प्रतिबद्धता और आकाश के मजबूत शैक्षणिक तंत्र का प्रमाण हैं। हमें उनके परिश्रम पर गर्व है और हम उन्हें उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई देते हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# जेईई मैंस : केशवानन्द का पहला साल बेमिसाल

निसं



**सीकर ( नवयत्न )।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान में संचालित केशवानन्द नीट जेईई एकेडमी के विद्यार्थीयों के पहले बैच ने बेमीसाल सफलता हासिल कर अपनी शिक्षण उत्कृष्टता को साबित कर दिया है। संस्थान के विद्यार्थियों ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने बताया कि संस्थान के प्रथम बैच के जेईई मेन के घोषित परिणामों में संस्थान के 15 विद्यार्थीयों में से 11 विद्यार्थीयों ने उच्च पर्सेंटाइल प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। जानकारी देते हुए एकेडमीक हैड मुश्ताक खान ने बताया कि आदित्य कुमार ने 98 पर्सेन्टाइल, छात्रा कनन कुमारी ने 95 पर्सेन्टाइल, गजेन्द्र, नमन, लवीश एवं अंकित ने 91 पर्सेन्टाल अंक प्राप्त कर अगले चरण की तैयारी के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की है। संस्थान ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। नियमित टेस्ट सीरीज, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और अनुशासित अध्ययन पद्धति ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सफल छात्रों को संस्थान चैयरमेन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह, कैम्पस हैड राहुल ढाका एवं एकेडमिक टीम ने मेडल एवं साफा पहनाकर सफल विद्यार्थीयों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर, जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति द्वारा आज मंगलवार को बोन मैरो डेंसिटी बीएमडी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 लोगों का बीएमडी टेस्ट किया जाकर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर संयोजक डॉ. माधव सिंह ने बताया कि शिविर में उपस्थित लोगों को बीएमडी जांच की सहायता से ओस्टियोपोरोसिस की पहचान, फ्रैक्चर की पहचान और इसके जोखिम को कम करने हेतु आवश्यक परामर्श दिया गया। यह शिविर हर महीने में दो बार आयोजित किया जाता है। शिविर में वाहिद खोखर, राजकुमार बिजारणियां, दीपक जाटावत वेदप्रकाश शर्मा, अमर शर्मा समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## रोडवेज कर्मचारियों ने दिया धरना



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्प्लाइज यूनियन एटक के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर श्रीमाधोपुर रोडवेज बस स्टैंड पर दो दिवसीय धरना शुरू किया था। यह धरना प्रदेशभर में 16 व 17 फरवरी को आयोजित किया गया। श्रीमाधोपुर में धरना यूनियन नेता सांवरमल सामोता एवं महावीर सिंह कुड़ी के नेतृत्व में दिया गया। यूनियन पदाधिकारियों श्योपालराम व हरिनारायण स्वामी ने बताया कि यूनियन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 18 जनवरी 2026 को जयपुर में हुई थी, जिसमें कर्मचारियों की लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। इन निर्णयों के तहत 2 फरवरी 2026 को प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई। यूनियन का कहना है कि रोडवेज में बसों की भारी कमी, कर्मचारियों के पदों पर बड़ी संख्या में रिक्तियां, अत्यधिक ड्यूटी समय, अवकाशों की अनदेखी, वेतन कटौती, पेंशन व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित भुगतान जैसी गंभीर समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। इन्हीं मांगों के समाधान को लेकर यह धरना दिया जा रहा है। यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि धरने के बाद भी प्रबंधन द्वारा ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने के दौरान महावीर सिंह कुड़ी, हरि सिंह पलसानिया, ओमप्रकाश शर्मा, छितरमल मीणा, जोधाराम जाट, राजेश स्वामी, फुलचंद, महीपाल चेजारा, भागीरथ सिंह ढाका, कुंभाराम, रामकरण जांगिड़, राकेश सैनी, बजरंग लाल घीया, दिनेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, बनवारी लाल, ओमप्रकाश, दिनेश कुमार एमनीष, जय सिंह, कृष्ण कुमार, हरि सिंह, राजेश स्वामी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## आईस्टार्ट प्रोजेक्ट के अंतर्गत नवाचार जागरूकता कार्यक्रम आज से

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में बुधवार, 18 फरवरी से जिले में ब्लॉकवार आईस्टार्ट प्रोजेक्ट के तहत नवाचार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीओआईटी जेडी नरेश टुहानिया ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों एवं उभरते हुए स्टार्टअप्स को राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं, वित्तीय सहायता, मेंटरशिप तथा इनक्यूबेशन सपोर्ट की जानकारी प्रदान करना है। इसी के साथ कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा एवं वित्तीय समावेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। संभाग इनक्यूबेटर सेंटर एसीपी विनोद कुमारी ने बताया कि बुधवार, 18 फरवरी को सुजानगढ़ में रतनी देवी सेठिया आडीएस पब्लिक स्कूल में तथा गुरुवार, 19 फरवरी को राजगढ़ के राजकीय महाविद्यालय हॉल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार, 24 फरवरी को बीदासर में अंबेडकर छात्रावास के पास राधाकृष्ण हवेली में, गुरुवार, 26 फरवरी को चूरू मुख्यालय पर टाउन हॉल में तथा शुक्रवार, 27 फरवरी को सरदारशहर में बबेल चौक के पास राम मंच गांधी विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में बुधवार, 04 मार्च को तारानगर में श्रीबनेचन्द सरावगी आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में तथा शुक्रवार, 06 मार्च को रतनगढ़ में पण्डित दीनदयाल टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सवेरे 11:30 बजे से आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी युवाओं, विद्यार्थियों एवं स्टार्टअप्स से इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## ट्रैवल कैटेगरी में ट्रैवल हाई टाइटन्स और कार्गो कैटेगरी में सेवा ने जीता खिताब

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** एअर इंडिया ने सफलतापूर्वक एअर इंडिया सुपर लीग के सीजन 2 का समापन किया। इस मुख्य अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेन्ट में देश भर से ट्रैवल पार्टनर्स एवं कार्गो पार्टनर्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। टूर्नामेन्ट के तहत रीजनल राउंड्स का आयोजन कोलकाता, बैंगलुरू और मुंबई में हुआ, जिसके बाद 15 फरवरी 2026 को दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित विनय मार्ग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सेमी-फाइनल और फाइनल मैच खेले गए। प्रतिस्पर्धी खेल आयोजन और डायनामिक नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के रूप में आयोजित एअर इंडिया सुपर लीग एआईएसएल 2026 का उद्देश्य एअर इंडिया और इसके पार्टनर्स जैसे ट्रेवल मैनेजमेन्ट कंपनियों एवं ऑनलाईन ट्रैवल एजेंट्स के बीच आपसी सौहार्द्र को बढ़ावा देना था। टूर्नामेन्ट के दौरान 60 से अधिक मैच खेले गए, जिनमें 70 से अधिक पार्टनर संगठनों ने हिस्सा लिया। सभी मैचों की लाईव स्ट्रीमिंग यूट्यूब पर की गईए देश भर से परिवारों, सहकर्मियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। ट्रैवल पार्टनर कैटेगरी में ट्रैवल हाई टाइटन्स ने एअर इंडिया सुपर लीग 2026 जीती, वहीं कार्गो कैटेगरी में मुंबई से सेवा विजेता रही। टूर्नामेन्ट के दौरान उत्कृष्ट परफोर्मेन्स को सम्मानित करने के लिए ट्रॉफियां, मैडल और सर्टिफिकेट दिए गए।

चार शहरों में से हर शहर की टॉप टीम को राउंड रोबिन विनर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जिन्होंने दिल्ली में चैम्पियनशिप टाइटल के लिए मुकाबला किया। प्रतिभागियों एवं विजेताओं को कई कैटेगरीज जैसे मैन ऑफ द मैचए बेस्ट फील्डर, मोस्ट मैचेज इन एअर इंडिया सुपर लीग 2026, प्लेयर ऑफ एअर इंडिया सुपर लीग 2026 में सम्मानित किया गया।

# शिक्षा के मंदिर को मिला भामाशाहों का संबल

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर तहसील के नजदीकी गांव सुखवासी के स्थानीय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के स्तर को सुधारने और संसाधनों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भामाशाह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के भामाशाहों ने विद्यालय के विकास के लिए दिल खोलकर सहयोग किया, जिससे स्कूल अब आधुनिक सुविधाओं से लैस नजर आएगा।

कार्यक्रम में विद्यालय की जरूरतों को देखते हुए भामाशाह सुरेंद्र सिंह राजवी मिखाला ने विद्यालय को बिजली कटौती से निजात दिलाने के लिए इन्वर्टर, सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे, शीतल जल के लिए वाटर कूलर और चार पंखे भेंट किए। विनोद कस्वां पूर्व सरपंच, मिखाला ने डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कंप्यूटर सेट, प्रिंटर और वाई-फाई सुविधा हेतु 51,000 रुपये की नकद राशि प्रदान की। नोरंगराम रुलानिया निदेशक, अमीचन्द मेमोरियल टीटी कॉलेज तारानगर, ने विद्यालय भवन के कायाकल्प के लिए संपूर्ण परिसर का रंग-रोगन करवाया। विद्यालय परिवार और ग्रामवासियों ने एकजुट होकर सभी दानदाताओं का साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। संस्थाप्रधान जगदीश गोस्वामी ने सभी का स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि समाज के इस सहयोग से सरकारी स्कूल के बच्चों को निजी शिक्षण संस्थानों जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी। तारानगर सीबीईओ बबलेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया दान सर्वश्रेष्ठ है। इन सुविधाओं से ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का नया हौसला मिलेगा। हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी अन्य लोग प्रेरणा लेकर विद्यालय विकास में सहभागी बनेंगे। इस मौके पर मंगल महला, मनोज चारण, सुभाष सैनी, कविता, करण सिंह, गोरीशंकर, मोमनराम, मोतीराम, श्योलाल, डूंगरसिंह, दानाराम और बृजलाल सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्र-छात्राएं और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# चिकित्सा संस्थान, शिक्षण संस्थाओं और आंगनबाडी केन्द्रों पर मनाया शक्ति दिवस

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया गया। बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती, धात्री महिलाओं व अन्य लोगों को अनीमिया से मुक्त रखने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों ने खून की मात्रा की जांच की गई और खून बढ़ने दवा दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि मंगलवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों व शिक्षण संस्थाओं पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की स्क्रीनिंग की और शरीर में खून की कमी नहीं होए इसके लिए आयरन फोलिक एसिड की गोली तथा बच्चों को सीरप पिलाई गई। प्रत्येक मंगलवार को जिले के आंगनबाडी केंद्रों,



राजकीय विद्यालयों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसीए पीएचसीए उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं में शक्ति दिवस मनाया जाता है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी ने बताया कि 6 माह से 59 माह तक के बच्चों, पांच से नौ वर्ष तक के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चोंए 10 से 19 साल तक की विद्यालय नहीं जाने वाली सभी किशोरी बालिकाओं तथा 20 से 24 साल की विवाहित महिलाओं, गर्भवती व धात्री माताओं को आंगनबाडी केंद्र पर आशा सहयोगिनी द्वारा लक्षण के आधार पर जांच की गई और आयरन की गोलियां दी गई। इसके अलावा कक्षा पांच से 12वीं तक के विद्यार्थियों को राजकीय विद्यालयों में आयरन की गोली खिलाई। छह से 59 माह तक बच्चे, पांच से नौ साल के बच्चे, 10 से 19 साल के किशोर-किशोर तथा 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती व धात्री महिलाओं को चिकित्सा संस्थानों पर भी आयरन फोलिक एसीड की गोलियां दी गई।

## जेईई मेन 2026 सत्र-वन परिणाम में एलेन जयपुर का शानदार प्रदर्शन



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2026 सत्र-वन के परिणामों में एलन करियर इंस्टीट्यूट जयपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर में अपना दबदबा कायम रखा है।

संस्थान के विद्यार्थियों ने सिटी टॉपर के साथ ही राष्ट्रीय सामान्य-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग जीईएन-ईडब्ल्यूएस में भी शीर्ष स्थान हासिल किया है। संस्थान के अनुसार जयपुर शहर के शीर्ष 10 में से 9 विद्यार्थी एलेन जयपुर से हैं। छह विद्यार्थियों ने 99.99 पर्सेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 23 विद्यार्थियों ने 99.90 पर्सेंटाइल या उससे अधिक अंक हासिल किए। एलेन जयपुर के केंद्र प्रमुख एवं राजस्थान जोनल प्रमुख अरुण जैन ने कहा कि विद्यार्थियों का निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन संस्थान की सुदृढ़ शैक्षणिक प्रणाली, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शनए अनुशासित अध्ययन संरचना और नियमित प्रदर्शन मूल्यांकन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सिटी टॉपर और राष्ट्रीय सामान्य-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग टॉपर देने की उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पण का प्रमाण है। संस्थान प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आगामी सत्रों में भी श्रेष्ठ परिणाम का विश्वास जताया है।

# सरकार-जनता के बीच सेतु बनेगा प्रवासी संघ : कासनिया

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर के सर्किट हाउस में प्रवासी संघ राजस्थान का नियुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनिया ने की। कासनिया ने कहा कि प्रवासी संघ राजस्थान सरकार और जनता के बीच सशक्त सेतु का कार्य करेगा, ताकि जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके और समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय व सहयोग मिल सके।

उन्होंने संगठन को प्रदेशभर में मजबूत करने और जनहित कार्यों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई। संगठन विस्तार के तहत भूपेन्द्र महाजनी को प्रदेश




महासचिव, योगेश कुंतल को प्रदेश प्रभारी वाहन चालक संगठन, रवि भगवानानी को राज्य सलाहकार सचिव, ममता राहड़ को जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ जयपुर, डवोकेट शशांक शर्मा को कानूनी सलाहकार, संजय योगी व सुमन सैनी को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया। इसके अलावा रश्मि भगवानानी व सुनीता सैनी को प्रदेश प्रभारी महिला प्रकोष्ठ, विहान खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा, चेतन देवरा व जगदीश यादव को जोधपुर में क्रमशः जिला अध्यक्ष एवं ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष बनाया गया। नीतू जैन भरतपुर, अंशु गर्ग वार्ड 48, सुशीला सारस्वत वार्ड 80, मुकेश रोहिला वार्ड 68, हिमांशु गुप्ता वार्ड 134, मेघा कुमावत वार्ड 34 सहित अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## पेंशनर समाज की मासिक बैठक आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान पेंशनर समाज की स्थानीय उप शाखा मासिक बैठक मंगलवार को कर्मचारी कल्याण केंद्र पर आयोजित की गई। बैठक में फरवरी 2026 में जन्म दिवस वाले पेंशनर परमेश्वरलाल शर्मा, हाकम अली खान, गंगाराम माली, रतनलाल गुर्जर का जन्मदिन माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मनाया गया। बैठक में अध्यक्ष रेखाराम मेहरड़ा अध्यक्षए सुरजाराम डाबरिया, मन्नालाल भींचर, ओंकाराराम, श्रवण कुमार सोनी, नंदकिशोर टेलर, सत्यनारायण स्वामी, हुसैन खान, रजाक खान, रंजीत कुमार नाई, दीने खांए सुखलाल सोनी, रामचंद्र टेलर, विनोद कुमार सोनी, रामनिवास घोटिया, सूरजाराम बिरड़ा, श्रवण कुमार स्वामी, श्याम सुंदर माली, सुरेंद्र पाण्डे, गोविंद राम माली उपस्थित रहे। मार्च महीने में वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर भी चर्चा की गई।

## विशेष जागरुकता शिविर आज

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** डॉ भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना में जागरुकता के लिए बुधवारए 18 फरवरी को सवेरे 11 बजे जिला मुख्यालय पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में विशेष जागरुकता शिविर आयोजित किया जाएगा। उद्योग महाप्रबंधक उजाला ने बताया कि राजस्थान के अनुसूचित जातिध्जनजाति वर्ग के उद्यमी युवकोंध्युवतियों को आसान शर्तों एवं कम लागत पर ऋण प्रदान करने के लिये डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम योजना प्रारंभ की गई है। शिविर में योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसी के साथ औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों हेतु विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ऑडीओपी पॉलिसी एवं एमएसएमई पॉलिसी की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने इच्छुक व्यक्तियों से शिविर में उपस्थित होने की अपील की है।

## 11 कुण्डीय महायज्ञ के साथ ब्रज धाम महोत्सव का समापन



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित स्वामी बस्ती में ब्रज धाम महोत्सव का 11 कुंडीय महायज्ञ के साथ समापन हुआ। गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज के सानिध्य व पंडित पुनीत शास्त्री और प. अर्जुन शास्त्री के आचार्यत्व में आयोजित 11 कुंडीय महायज्ञ में 44 जोड़ों ने सपत्नीक आहुतियां दी। किशोरदास स्वामी ने बताया कि इससे पूर्व रात्रिख् में भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें केशवदास महाराज, सीमा राजकुमार स्वामी, प्रकाश गुप्ता ने देर रात तक शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मुख्य यजमान भोलदास स्वामी, रामलाल प्रजापत, ओमदास स्वाम, भागीरथ प्रजापत, बालचंद प्रजापत, भैरदास स्वामी, खेमदास स्वामी, दुर्गादास पूनिया, महेश स्वामी, अर्जुन राम मेघवाल, भंवरलाल प्रजापत, रूपाराम मेघवाल, श्याम सुंदर शर्मा, रूपचंद स्वामी, सुरेंद्र प्रजापत, रामचंद्र स्वामी, भंवरदास स्वामी, कन्हैयालाल स्वामी, बद्री प्रसाद, धनेश, सागरदास, राजेंद्र प्रजापत, कालूराम सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# छह जांबाज कांस्टेबल ऑफ दी मंथ से सम्मानित



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर में पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने और उत्कृष्ट कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए मंगलवार को विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कमिश्नरेट में आयोजित कार्यक्रम में छह पुलिसकर्मियों को जनवरी 2026 माह के लिए कांस्टेबल ऑफ दी मंथ अवार्ड से नवाजा। इस दौरान कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि पुलिस का ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय को साकार करने के लिए विभाग पूरी तरह समर्पित है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि कांस्टेबल रामवतार बजाज नगर थाना ने बिहार जाकर नौकर द्वारा मालिक के घर से की गई लाखों की चोरी का पर्दाफाश किया। इनके प्रयास से 49.50 लाख रुपये की बरामदगी संभव हो सकी। वहीं कांस्टेबल मोतीलाल सेज थाना ने अज्ञात शव की शिनाख्त कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हत्या के आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया। इसके अलावा कांस्टेबल गिर्राज प्रसाद आमेर थाना ने वांछित अपराधियों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए 28 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

कांस्टेबल जीत सिंह सांगानेर सदर ने डिजीपेस्ट 2026 के दौरान सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंधन के साथ-साथ वर्षों से लंबित पड़े वारंटों का निस्तारण करवाया। साथ ही कांस्टेबल राजपाल यातायात प्रशासन ने इंटरसेप्टर पर तैनात रहकर तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाई और एमवी एक्ट के तहत रिकॉर्ड 5060 चालान किए और कांस्टेबल चेतन प्रकाश अन्वेषण शाखा ने चिटफंड धोखाधड़ी के मामलों का रिकॉर्ड संधारण करने और पेंडिंग केसों के त्वरित निस्तारण में अहम भूमिका निभाई। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि इस प्रकार के पुरस्कारों से न केवल सम्मानित होने वाले कर्मियों का उत्साह बढ़ता है, बल्कि अन्य पुलिसकर्मी भी मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं।

समारोह में विभाग के अन्य उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे।

# रोडवेज कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन में अपनी मांगों के समर्थन में भरी हुंकार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान स्टेट रोडवेज एंप्लाइज यूनियन एटक के आह्वान पर रोडवेज के उत्थान और कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ चल रहा दो दिवसीय राज्यव्यापी धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा । प्रदेश भर की केंद्रीय कार्यशालाओं और सभी आगार इकाइयों पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने एकत्र होकर अपनी ज्वलंत मांगों के समर्थन में हुंकार भरी। संयुक्त




धरने के प्रदेश अध्यक्ष एम.एल. यादव ने बताया कि धरने के दौरान श्रमिक नेताओं ने सरकार और प्रबंधन को घेरते हुए कई मांगें प्रमुखता से रखीं। जिसमें यात्रियों की सुविधा के लिए 2500 नई बसों की खरीद और रिक्त पड़े 12 हजार पदों पर तुरंत भर्ती की जाए। 1 हजार 965 के स्थायी आदेशों के तहत कार्यरत महिला कर्मचारियों को भी चाइल्ड केयर लीव संतान देखभाल अवकाश की सुविधा दी जाए सहित आर्टिजन ग्रेड प्रथम की ग्रेड पे 2 हजार 400 से बढ़ाकर 2 हजार 800 रुपये करने और नॉन- आईटीआई कार्मिकों को पदोन्नति के अवसर देने की मांग की गई। राजधानी में जयपुर और वैशाली नगर आगार के संयुक्त धरने को महासचिव धर्मवीर चौधरी ने संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि चालकों और परिचालकों से नियमों के विरुद्ध रोजाना 12 से 15 घंटे काम लिया जा रहा है। जिसे तुरंत बंद कर चेंज व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही विभिन्न तकनीकी कारणों से पिछले तीन महीनों से रोके गए वेतन का तुरंत भुगतान करने की भी पुरजोर मांग उठाई गई। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की बात करते हुए यूनियन ने मांग की है कि जून 2025 से जनवरी 2026 तक रिटायर हुए कर्मियों के परिलाभों का तुरंत भुगतान हो । साथ ही 70 और 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पेंशनर्स को क्रमशः 5 और 10 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता दिया जाए। वहीं विद्याधर नगर और डीलक्स आगार की शाखाओं पर आयोजित प्रदर्शन में उपमहासचिव संजय चौधरी और प्रदेश सचिव नीरज शर्मा ने कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया और आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली ने दो पैदल राहगीरों को रौंदा, महिला व युवक की मौत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** झोटवाड़ा थाना इलाके में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सड़क पार कर रहे दो लोगों को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल महिला और युवक ने दोपहर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर भागने लगाए लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। एक्सीडेंट थाना पश्चिम थानाधिकारी रामकृपाल ने बताया कि दुर्घटना करणी फाटक स्थित गणेश मंदिर के पास सुबह करीब 9:15 बजे हुई। हादसे में झोटवाड़ा के सीता बिहार निवासी कौशल्या देवी 59 और नींदड़ मोड़ गणेश नगर निवासी आदित्य नागवंशी 30 गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। एक्सीडेंट थाना पश्चिम थानाधिकारी राम-पाल ने बताया कि आदित्य मजदूरी का कार्य करता था।

## सम्पादकीय

# एआई से दोस्ती

भारत ने बदलती वैश्विक हवा की दिशा-दशा को पहचानते हुए देश में जिस सबसे बड़ी एआई समिट आयोजित कराने का फैसला किया, उसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। इस पांच दिवसीय शिखर सम्मेलन की सार्थकता का पता इस बात से चलता है कि इसमें सौ बड़ी कंपनियों के सीईओ, बीस के करीब देशों के राष्ट्राध्यक्ष और 135 देशों के प्रतिनिधि जुटने की बात कही जा रही है। हाल के वर्षों में, दुनिया के सबसे ज्यादा युवाओं के देश भारत में एआई को लेकर जिस तरह का उत्साह व जुनून देखने को मिल रहा है, उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में वो देश को दुनिया में एआई का हब बना ही देगा। वहीं दूसरी ओर महत्वपूर्ण बात यह भी है कि एआई भारत में आम लोगों के जीवन में बदलाव की वाहक बने। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई भारत समेत दुनिया के देशों में आज सुशासन, विकास व नागरिक सेवाओं के बेहतर निस्तारण में कारगर भूमिका निभा रही है। यही वजह है कि ग्लोबल साउथ के देश हमारी ओर बड़ी उम्मीद से देख रहे हैं कि भारत द्वारा विकसित एआई के दिशा-निर्देश और नीतियां उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिये मददगार साबित होंगी। आज दुनिया में विकसित व धनी देश एआई को अपनी संकीर्ण आर्थिक व राजनीतिक हितों की पूर्ति का साधन बना रहे हैं, उससे गरीब व विकासशील देशों में असुरक्षाबोध पैदा हो रहा है। यह सुखद ही कि देश की राजधानी दिल्ली पांच दिन तक दुनिया में एआई कैपिटल बनी रहेगी। वहीं दूसरी ओर, 20 फरवरी तक भारत मंडपम में आयोजित की जा रही पांच दिवसीय इंडिया समिट में करीब तीन लाख लोगों का रजिस्ट्रेशन कराना, इस आयोजन की सार्थकता व सफलता को ही उजागर करता है। इसमें दो राय नहीं है कि हाल के वर्षों मे भारत ने खुद को एक एआई पॉवर हाउस के रूप में विकसित करने का प्रयास किया है। साथ ही विशाल डाटा संसाधन के साथ ही एआई वर्क फोर्स को भी तैयार किया है।

निस्संदेह, इंडिया समिट तकनीकी क्रांति के बीच नई संभावनाओं को तलाशने की भारत की सकारात्मक पहल है। विश्वास किया जा रहा है कि इस सम्मेलन के जरिये भारत दुनिया में एआई को जवाबदेह, स्थायी और समावेशी तकनीक के रूप में स्थापित करने का प्रयास करेगा। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में एआई की स्वीकार्यता व कारोबार तेजी से बढ़ा है। लेकिन विडंबना यह है कि तमाम धनी राष्ट्रों में इस तकनीक को अपना जिन्न बनाने की होड़ लगी है। जो कालांतर दुनिया में पहले से ही व्याप्त आर्थिक असमानता को और ही बढ़ाएगा। सही मायनों में दुनिया में समावेशी समाज बनाने और आर्थिक विषमता को दूर करने के लिये जरूरी है कि एआई का उपयोग लोकतांत्रिक तरीके से नैतिकतापूर्ण ढंग से किया जाए। विश्वास किया जाना चाहिए कि इंडिया समिट में दुनिया के देश एआई तकनीक के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी मंथन करेंगे। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि एआई तेजी से दुनिया में विस्तार तो पा रही है, मगर यह तकनीक मानव जीवन के लिये कई तरह के खतरे भी पैदा कर रही है। हाल के वर्षों में दुनिया में एआई के दुरुपयोग के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। जाहिर है इसके उपयोगकर्ताओं में इसको लेकर भरोसा कायम रहना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि इंडिया समिट में एआई की विश्वसनीयता बनाने की दिशा में कोई सार्थक पहल होगी। जरूरी है कि एआई का कारोबार करने वाली कंपनियों की जवाबदेही भी तय की जाए। वहीं भारत जैसे विकासशील देशों में, जहां श्रमप्रधान कार्य-संस्कृति रही है और फिलहाल बेरोजगारी का आंकड़ा बढ़ा है, वहां एआई नौकरी देने वाली हो, न कि नौकरी खाने वाली। एआई के विस्तार से परंपरागत नौकरियों पर संकट नहीं आना चाहिए।

## विशेष आलेख

# सीधे भारत मंडपम से... क्या एआई के क्षेत्र में दुनिया को पछाड़ पाएगा भारत?

“ देखा जाए तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई अब केवल नई तकनीक का आकर्षण नहीं रही, बल्कि यह अर्थव्यवस्था, उद्योग, ऊर्जा, नीति और वैश्विक शक्ति संतुलन का केंद्र बन चुकी है। दुनिया के बड़े देश इसे रणनीतिक साधन की तरह देख रहे हैं। डाटा, कंप्यूटिंग शक्ति और उन्नत चिप आज के दौर का नया तेल बन चुके हैं। ऐसे समय में भारत के सामने मूल प्रश्न यह है कि वह एआई की दौड़ में केवल उपभोक्ता बन कर रहेगा या निर्माता और नेता की भूमिका निभाएगा।

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हो रहे वैश्विक एआई सम्मेलन में दो दिन से चल रहे विचार मंथन से एक बात उभर कर आई है कि एआई के समक्ष खड़ी चुनौतियों के हल के लिए दुनिया भारत की ओर निहार रही है। देखना होगा कि सम्मेलन के अंत में दिल्ली डिक्लेरेशन से क्या निकल कर आता है। लेकिन यहां एक ओर बात की आवश्यकता महसूस हुई कि भारत को यदि इस क्षेत्र में नेतृत्व हासिल करना है तो बड़े निवेश और सरल तथा प्रभावी नीतियों की भी जरूरत है।

भारत ने पहले भी तकनीकी मोड़ पर सही फैसले लेकर इतिहास बदला है। नब्बे के दशक में सूचना तकनीक और सॉफ्टवेयर सेवाओं पर जोर देने से लाखों रोजगार बने, भारतीय कंपनियां दुनिया भर में छा गईं और देश को नई पहचान मिली। आज एक वैसा ही मोड़ फिर सामने है, लेकिन इस बार दांव कहीं बड़ा है। एआई न केवल सेवाओं को, बल्कि कारखानों, आपूर्ति श्रृंखलाओं, दवा उद्योग, परिवहन और ऊर्जा व्यवस्था तक को बदल सकती है।

यह समझना जरूरी है कि एआई एक ही तरह की चीज नहीं है। उपभोक्ता एआई, जैसे चैट टूल या मनोरंजन आधारित अनुप्रयोग, तेजी से लोकप्रिय होते हैं, पर इन पर अक्सर कुछ ही बड़ी कंपनियों का दबदबा हो जाता है। इसके विपरीत औद्योगिक एआई हर क्षेत्र के लिए अलग समाधान मांगती है। हर उद्योग का अपना डाटा, अपनी समस्या और अपना कामकाज होता है। इसलिए क्षेत्र विशेष मॉडल बनते हैं। यही भारत की ताकत बन सकती है, क्योंकि यहां उद्योगों की विविधता और पैमाना दोनों मौजूद हैं।

उदाहरण के लिए दो पहिया वाहन उद्योग को लें। भारत दुनिया के सबसे बड़े दो पहिया बाजारों में है। यह क्षेत्र रोजगार, शहरीकरण और आय वृद्धि से जुड़ा है। अब इलेक्ट्रिक दो पहिया का चलन भी बढ़ रहा है। ऐसे में एआई आधारित मांग अनुमान, डिजाइन सुधार, गुणवत्ता जांच और आपूर्ति प्रबंधन से भारी लाभ हो सकता है। मशीन लर्निंग सिस्टम खराबी का पहले ही संकेत दे सकते हैं। इससे ठहराव घटता है, लागत कम होती है और उत्पादन तेज होता है। दवा उद्योग में भी अवसर विशाल हैं। भारत जेनेरिक दवाओं का बड़ा उत्पादक है, पर गुणवत्ता बनाए रखना चुनौती रहता है। एआई आधारित विजन सिस्टम उत्पादन के दौरान सूक्ष्म दोष पकड़ सकते हैं। डाटा विश्लेषण से प्रक्रिया स्थिर रखी जा सकती है। रोबोटिक ऑटोमेशन दोहराव वाले काम सुरक्षित और सटीक तरीके से कर सकता है। इससे






भारत की विश्वसनीयता बढ़ेगी और ऊंचे मूल्य वाले बाजार खुलेंगे। लेकिन एआई की ताकत केवल सॉफ्टवेयर से नहीं आती, इसके लिए भारी कंप्यूटिंग शक्ति चाहिए, जो उन्नत चिप यानी जीपीयू से मिलती है। ये चिप बहुत महंगी होती हैं। एक उन्नत जीपीयू की कीमत लाखों रुपये तक जा सकती है। भारत ने हजारों जीपीयू लगाए हैं और डाटा केंद्र तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले वर्ष डाटा केंद्रों ने बिजली ग्रिड से भारी मात्रा में बिजली ली, जो किसी बड़े शहर की मांग के बराबर बैठती है। आने वाले वर्षों में यह मांग कई गुना बढ़ सकती है। यह भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता का संकेत है, पर साथ ही ऊर्जा चुनौती का भी।

अगर भारत को एआई में अग्रणी बनना है तो केवल कुछ हजार जीपीयू काफी नहीं होंगे। अमेरिका आज भी इस क्षेत्र में आगे है। उसके पास विशाल डाटा केंद्र क्षमता है और वह उन्नत जीपीयू की आपूर्ति पर नियंत्रण रखता है। इसी कारण वह तकनीकी बढ़त बनाए हुए है। चीन को रोकने की रणनीति में भी चिप आपूर्ति अहम रही है।

चीन ने भी इस दौड़ को बहुत पहले समझ लिया था। उसने चिप निर्माण में भारी निवेश किया। उसकी बड़ी तकनीकी कंपनियां अपने एआई चिप बना रही हैं। भले वे अभी सबसे उन्नत स्तर पर न हों, पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं। अमेरिका में भी बड़ी तकनीकी कंपनियां खुद चिप डिजाइन में उतर चुकी हैं। ऐसे माहौल में यदि भारत केवल पुराने स्तर की चिप बनाता रह गया तो वह पीछे छूट सकता है। तो क्या समाधान है? क्या हमें अपनी आकांक्षा घटा लेनी चाहिए? कुछ लोग कहते हैं कि भारत की प्रति व्यक्ति बिजली खपत अभी विकसित देशों से कम है। जैसे जैसे लोग समृद्ध होंगे, उन्हें घरों में अधिक बिजली चाहिए होगी। अगर एआई के कारण बिजली महंगी हुई तो जीवन स्तर प्रभावित हो सकता है। यह चिंता सही है, पर इसका मतलब यह नहीं कि हम पीछे हट जाएं। दरअसल जरूरत बड़े सोच की है। भारत को एक साथ दो मोर्चों पर काम करना होगा। पहला, घरेलू चिप निर्माण और डिजाइन को बढ़ावा देना। इसके लिए नीति समर्थन, निवेश और कौशल विकास जरूरी है। दूसरा, ऊर्जा ढांचा मजबूत करना। नवीकरणीय ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, बेहतर ग्रिड और भंडारण तकनीक पर जोर देना होगा ताकि डाटा केंद्रों की मांग पूरी हो सके।

इसके साथ ही एआई का लाभ केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित न रहे। मध्यम और छोटे उद्योगों तक भी पहुंचे। इसके लिए साझा प्लेटफॉर्म, क्लाउड ढांचा और क्षेत्र विशेष समाधान जरूरी हैं। सरकार, उद्योग और शिक्षण संस्थानों को मिल कर काम करना होगा। शोध संस्थान मॉडल विकसित करें, उद्योग वास्तविक समस्याएं और डाटा दें, और सरकार नियम, प्रोत्साहन तथा अवसंरचना दे। भारत को ऐसे नेतृत्व की भी जरूरत है जो अलग अलग पक्षों को जोड़ सके और भरोसा बना सके। एआई को नौकरी छीनने वाली नहीं, बल्कि नई क्षमता देने वाली तकनीक के रूप में समझाना होगा। कौशल प्रशिक्षण, पुनः प्रशिक्षण और शिक्षा सुधार पर जोर देना होगा। बहरहाल, अब सवाल यह है कि एआई की दिशा कौन तय करेगा? अगर भारत ने समय रहते साहसिक फैसले लिए, चिप निर्माण, ऊर्जा ढांचा और औद्योगिक एआई पर जोर दिया, तो वह केवल तकनीक का बाजार नहीं रहेगा, बल्कि दिशा देने वाला देश बन सकता है। आईटी क्रांति ने भारत को विश्व मंच पर जगह दी थी।

## स्वास्थ्य समाचार

# कीवी खाने से सेहत को मिलते हैं कई जबरदस्त फायदे

कीवी में बहुत सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। कीवी फल विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। कीवी में आयरन की मात्रा होने के कारण यह एनीमिया को दूर करने में मदद करता है। कीवी का एक फल लगभग 40 कैलोरी देता है। कीवी के फल में पानी में घुलने और ना घुलने वाले दोनों विटामिन्स पाए जाते हैं, जैसे- विटामिन ए और विटामिन बी। कीवी हमारे स्वास्थ के लिए बहुत ही लाभदायक है। कीवी के फल में काले बीज स्ट्रॉबेरी, खरबूजे के स्वाद का एक मिश्रण जैसा फ्लेवर मौजूद होता है। कीवी में फाइबर की मात्रा पाई जाती है, जो हमें रोगों से लड़ने में मदद करती है। हमें हर रोज एक कीवी का फल जरूर खाना चाहिए।



### छिलके सहित भी खा सकते हैं कीवी

कीवी के फल को चाकू की मदद से दो भागों में काटकर चम्मच की सहायता से इसको खा सकते हैं। इसको छिलने की भी आवश्कता नहीं पड़ती, लेकिन अगर आपको इसकी सख्त स्किन अच्छी नहीं लगती है तो इसे छील कर भी खाया जा सकता है।

### फ्लू से लड़ने में मदद करता है

आज कल के मौसम में फ्लू और संक्रमण की बीमारियां हो जाती हैं। कीवी का फल एंटीबॉडी को बनाने में मदद करता है। कीवी में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो हमारे शरीर को स्वस्थ और इम्यूनिटी को बनाए रखने में मदद करता है। अपने मूड को अच्छा बनाने के लिए कीवी के फल का सेवन किया जा सकता है क्योंकि विटामिन सी सेरोटोनिन के निर्माण में सहायक है।

### डेंगू से लड़ने में है सहायक

डेंगू से पीड़ित लोगों की प्लेटलेट्स कम हो जाती है। कीवी के फल में विटामिन सी की मात्रा होने से यह डेंगू वाले रोगियों के लिए ज़रूरी है। कीवी का फल पचने में आसान होता है और खाने में स्वादिष्ट होता है। कीवी के फल में पोटैशियम होता है, जो हमारे द्वारा खाए गए खाने से आयरन को एब्जॉर्ब करके विटामिन बी प्रदान करता है। यह प्लेटलेट्स को बढ़ाने का काम करता है।

### दैनिक आहार में कीवी को कैसे शामिल करें?

कीवी के फल का उपयोग आप सलाद के रूप में भी कर सकते हैं। इसको दही जैसी देसी चीज या फिर पिज्जा और अन्य किसी भी भोजन के साथ ले सकते हैं।

### पोषक तत्वों से भरपूर होता है कीवी

कीवी के फल में बहुत सारे पोषक तत्व होते हैं, जो हमारे शरीर की रक्षा करने में मदद करते हैं। कीवी जंक फूड, चिन्ता और गलत लाइफस्टाइल से आई बीमारियों से बचाने में मदद करता है। यह फल शरीर को तनाव मुक्त बनाने में सहायक है।

# चेहरे पर सफेद दाग और पैच हटाने में मदद करेंगे यह खास घरेलू उपाय

चेहरे पर कील-मुंहासे, दाग-धब्बे जैसी समस्याएं बहुत आम हैं। चेहरे पर काले निशान और दाग-धब्बे होना तो बहुत सामान्य, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि कुछ लोगों की चेहरे और शरीर की त्वचा पर सफेद दाग या पैच देखने को मिलते हैं। चेहरे या त्वचा पर सफेद दाग और पैच की समस्या को सेहुआ कहा जाता है। सेहुआ त्वचा कि एक ऐसी स्थिति है जिसमें त्वचा पर फंगल इन्फेक्शन हो जाता है, जो कि काफी सामान्य समस्या है। हालांकि इसके अलावा चेहरे पर सफेद दाग और पैच की समस्या किसी फूड या प्रोडक्ट से एलर्जी के कारण भी होती है, जैसे कि कुछ लोग मछली के सेवन के बाद दूध का सेवन करते हैं, तो कुछ लोगों को इससे चेहरे पर सफेद दाग हो जाते हैं। चेहरे पर ये सफेद दाग देखने में काफी भद्दे लगते हैं और आपकी सुंदरता को भी बिगाड़ते हैं। अब सवाल यह है कि चेहरे के सफेद दाग कैसे हटाएं या मिटाएं? लोग सफेद दाग साफ करने के लिए मंहगे-मंहगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं, लेकिन फिर



भी कुछ खास फायदा देखने को नहीं मिलता है।

**प्रभावित हिस्से पर लगाएं एलोवेरा जेल :** टी-ट्री ऑयल की तरह एलोवेरा भी एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है, जिससे यह त्वचा यह त्वचा के दाग-धब्बों को हटाने में बहुत प्रभावी है। आप रात में सोने से पहले एलोवेरा जेल प्रभावित हिस्से पर लगा सकते हैं, या दिन में भी 2-3 बार लगा सकते हैं।

**हल्दी का करें प्रयोग :** आयुर्वेद में हल्दी को इसके औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है, साथ ही त्वचा की कई समस्याओं को प्रयोग करने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह एंटी इन्फ्लेमेटरी, एंटीसेप्टिक, एंटीवायरल, एंटीफंगल, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबायोटिक गुणों से भरपूर होती है। सफेद दाग से छुटकारा पाने के लिए आप हल्दी में नींबू का रस मिलाकर त्वचा पर लगा सकते हैं, इसे आधे घंटे के लिए त्वचा पर छोड़ दें, उसके बाद सादे पानी से धो लें।

**त्वचा पर टी-ट्री ऑयल का प्रयोग :** एक बाउल में 3-4 चम्मच टी ट्री ऑयल और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को सफेद पैच वाले हिस्से पर लगाकर कुछ समय मालिश करें। ऐसा नियमित रात को सोने पहले करें और रात भर के लिए छोड़ दें। सुबह धो लें। एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटी वायरल से भरपूर यह मिश्रण त्वचा की एलर्जी और कई अन्य समस्याएं दूर करने में भी मदद करेगा।

**दही का प्रयोग भी है कारगर :** बेहतरीन प्रोबायोटिक होने के साथ ही दही विटामिन्स और मिनरल्स से भी भरपूर होती है। यह फंगल संक्रमण के लिए बहुत प्रभावी उपाय है। दही को प्रभावित हिस्से पर लगाकर कुछ मिनट मालिश करें और सूखने का इंतजार करें, उसके बाद धो लें।

**तेल और शहद भी हैं फायदेमंद :** सफेद दागों से छुटकारा पाने के लिए आप लैवेंडर ऑयल, नारियल तेल, जैतून के तेल आदि में शहद मिलाकर भी त्वचा पर अप्लाई कर सकते हैं। इससे बहुत लाभ मिलेगा।

# सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण इन समस्याओं को करता है दूर

सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण कई समस्याओं के लिए गुणकारी माना जाता है। खासतौर पर अगर आपके पैरों में काफी तेज दर्द हो रहा है तो इसका मिश्रण लगाएं। यह काफी लाभकारी माना जाता है। इसके अलावा बालों की मजबूती के लिए सरसों और प्याज का रस अपने बालों में लगाएं। इससे काफी लाभ मिलेगा। प्याज और सरसों के रस में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाया जाता है जो सूजन को कम कर सकता है। साथ ही डैंड्रफ की परेशानियों से राहत दिलाने में आपकी मदद कर सकता है। सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण जोड़ों में दर्द, बालों की समस्याओं को दूर कर सकता है। इसके अलावा यह मिश्रण कई अन्य परेशानियों को दूर कर सकता है।

**जोड़ों में दर्द से राहत :** सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण जोड़ों में दर्द की परेशानी को कम करने में आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए सरसों के तेल को हल्का सा गर्म कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को अपने दर्द से प्रभावित हिस्से पर लगाएं। इससे आप दर्द से राहत पा सकते हैं।



**पैरों के दर्द से आराम :** पैरों के दर्द से आराम पाने के लिए सरसों का तेल और प्याज का रस काफी हेल्दी माना जाता है। इस मिश्रण का इस्तेमाल करने के लिए रात में सोने से पहले सरसों के तेल को प्याज के रस में मिक्स कर लें। इसके बाद इसे प्रभावित हिस्से पर लगाएं। इससे आप पैरों के दर्द से आराम पा सकते हैं।

**बालों की परेशानी करे दूर :** बालों से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण बालों में लगाएं। यह डैंड्रफ, रूखे और बेजान बाल, सफेद बालों की समस्या इत्यादि को दूर कर सकता है। अगर आप बालों से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे हैं तो सरसों का तेल और प्याज का रस अपने बालों में लगाएं। इससे काफी लाभ मिलेगा।

**स्किन के लिए हेल्दी :** स्किन के दाग-धब्बों को मिटाने के लिए सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण काफी हेल्दी माना जा सकता है। यह स्किन को बेदाग बना सकता है। साथ ही ड्राई स्किन की परेशानियों को दूर कर सकता है। अगर आपकी स्किन पर संक्रमण से जुड़ी परेशानियां हो रही हैं तो सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण लगाएं।

**सर्दी-जुकाम करे कम :** सर्दी-जुकाम की परेशानी को दूर करने के लिए सरसों का तेल और प्याज का रस हेल्दी हो सकता है। इस मिश्रण का इस्तेमाल करने के लिए सरसों का तेल और प्याज के रस के मिश्रण को छाती पर लगाएं। इससे आपको लाभ मिलेगा।

## आज का राशिफल

### मेष

धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। अतः उसका परित्याग करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी।

### वृष

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी।

### मिथुन

नए अनुबंध होंगे। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। कार्य की प्रवृत्ति में यथार्थता व व्यावहारिकता का समावेश आवश्यक है। व्यापार में नई योजनाओं पर कार्य नहीं होंगे। जीवनसाथी का ध्यान रखें। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी।

### कर्क

समय ठीक नहीं है। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद न करें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाए रखें। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है।

### सिंह

किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। योजनाएं फलीभूत होंगी। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे।

### कन्या

मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। संतान से कष्ट रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

### तुला

भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। मान बढ़ेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अपनी बुद्धिमत्ता से आप सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। निजीजनों में असंतोष हो सकता है। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

### वृश्चिक

वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। विवाद न करें। यात्रा में अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। अधीनस्थों की ओर ध्यान दें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। मेहनत का फल मिलेगा।

### धनु

भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। राजकीय बाधा दूर होगी।

### मकर

दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी। जोखिम न लें। विवाद से बचें। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। वाणी पर संयम रखें। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

### कुंभ

संपति के कार्य लाभ देंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ौत्री होगी। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। परिवार की समस्याओं को अनदेखा न करें। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है।

### मीन

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय काम बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। संतान से मदद मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है। अचानक धन की प्राप्ति के योग हैं। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

# हिंदू सम्मेलन आयोजित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पूरे देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं इसी के तहत राजलदेसर में माधव बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन हुआ भोला बाबा बगीची में जिसमें मुख्य अतिथि दंडी स्वामी शिवेंद्र आश्रम महाराजए, संत नंदिनाथ महाराज, संत मनोहर दास महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉक्टर बनवारी लाल शर्मा सरदारशहर मंचासिन अतिथि थे कार्यक्रम में दंडी स्वामी शिवेंद्राश्रमप महाराज ने कहा कि वर्तमान में संयुक्त परिवार का रहना बहुत जरूरी है साथ ही परिवार के अंदर दुख सुख में हमेशा भागीदारी निभानी चाहिए इसके अलावा अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉक्टर बनवारी लाल शर्मा सरदारशहर ने कहा जीवन के अंदर पांच प्राण का पालन करना वर्तमान में अति आवश्यकता है जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कारए सरकार के नियमों का पालन, पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम में गौग्राम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित दाधीच, भुवनेश्वर शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, भवानी सैनी मंत्री, ललित प्रजापत, धनराज सेन पोस्टमैन, भगवान सिंह शेखावत आदि ने मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की कार्यक्रम में आए हुए संतों का दुपट्टा, सोल पहना कर सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र लाटा ने किया।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो युवकों को कुचला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** झोटवाड़ा थाना इलाके में सोमवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो युवकों को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। दुर्घटना सोमवार देर रात झोटवाड़ा के कांटा चौराहे पर हुई। एक्सीडेंट थाना पश्चिम थानाधिकारी रामकृपाल ने बताया कि दोनों युवक स्कूटी से खाना खाने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान पीछे से आई तेज गति की स्कॉर्पियो ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़े।

राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गंभीर हालत में सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। वहीं हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें स्कॉर्पियो चालक स्कूटी को टक्कर मारते हुए नजर आ रहा है। मृतकों की पहचान नीमकाथाना सीकर निवासी मोहित 23 पुत्र कमलेश और कुम्हेर भरतपुर निवासी वीरेंद्र 40 पुत्र बोधुराम के रूप में हुई है। दोनों पांच्यावाला सिरसी रोड स्थित किराए के मकान में रहते थे। मोहित छात्र था, जबकि वीरेंद्र अपोलो फार्मेसी कंपनी में कार्यरत था। पुलिस ने मामला दर्ज कर स्कॉर्पियो और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ क्षेत्र में 34वर्षीय विवाहिता एवं उसके बच्चों का भरण पौषण नहीं करने एवं विवाहिता द्वारा मजदूरी कर कमाए गए रुपए छीन लेने सहित दहेज उत्पीड़न के आरोप का मामला पुलिस में दर्ज हुआ है। पुलिस ने न्यायालय से मिले इस्तगाशे के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार 34 वर्षीय घुमांदा निवासी विवाहिता द्वारा दायर इस्तगाशे में आरोप लगाया है कि उसकी शादी सन् 2012 में हुई। शादी में पिता ने हैसियत से बढ़कर दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं हुए तथा एक लाख रुपए व बाईक की डिमांड करने लगे। डिमांड पूरी नहीं करने पर इन लोगों द्वारा विवाहिता के साथ मारपीट की गई। जब विवाहिता ने पुत्री को जन्म दिया, तो पति, जेठ व जेठानी सहित ससुरालपक्ष के लोग नाराज हो गए तथा दहेज की मांग करने लगे।

वर्तमान में विवाहिता के तीन संतानें है, जिनका भरन पौषण पति द्वारा नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण बच्चों के भूखे मरने की नौबत आ गई। विवाहिता मजदूरी करने लगीए लेकिन उसके द्वारा कमाए गए रुपए भी पति छीन लेता है। विवाहिता ने इस्तगाशे में आरोप लगाया है कि उसका पति आदतन शराबी है तथा जान से मारने की धमकियां भी देता है। अब ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा उनका भरण पौषण नहीं करने का कहते हुए घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सब इंसपेक्टर गिरधारीलाल कर रहे हैं।

# संवेदकों ने ई-निविदा में अनियमितता का आरोप लगाते हुए की निरस्त करने की मांग

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** नगरपालिका के जनप्रतिनिधियों व संवेदकों ने वार्ड में सफाई कार्य के लिए ट्रैक्टर ट्राली की आवश्यकता की ई-निविदा में अनियमितता का आरोप लगाते हुए उसे निरस्त करने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों व संवेदकों ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अजय प्रताप सिंह के माध्यम से नगरपालिका प्रशासक उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार को ज्ञापन देकर बताया कि नगर पालिका की ओर से ई-निविदा के जरिए तारानगर कस्बे के वार्डों में सफाई व्यवस्था के लिए 5 ट्रैक्टर ट्रॉली की आवश्यकता की 45 लाख रुपए की ई-निविदा सूचना लगाई गई थी। जनप्रतिनिधियों व संवेदकों ने आरोप लगाते हुए बताया कि नगरपालिका प्रशासन ने किसी व्यक्ति विशेष संवेदक को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा विक्रय करने की तिथि 17 फरवरी दोपहर व निविदा खोलने का समय भी उसी दिन 17 फरवरी शाम को कर दिया जो नियम विरुद्ध है।

एक ही दिन निविदा विक्रय व खोलने की तारीख होने के कारण संवेदक निविदा लेने व जमा कराने में काफी परेशानी हुई व संवेदक निविदा को न तो ले पाए व न जमा करा पाए। जनप्रतिनिधि व संवेदकों ने निविदा की अमानत राशि प्रत्येक ट्रैक्टर ट्रॉली 9 लाख रुपए को भी नियम विरुद्ध अधिक बताते हुए इसमें मिलीभगति कर किसी व्यक्ति विशेष संवेदक को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए इसे निविदा को निरस्त करने की मांग की है। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद जयनारायण सहारण, कपिल शर्मा, संजय पंवार, शरीफ खान, आरिफ तेली आदि जनप्रतिनिधि व संवेदक मौजूद थे।

# युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गोरा का किया स्वागत

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आम बजट युवा संवाद कार्यक्रम के निमित्त चूरू प्रवास के दौरान, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा का सुजानगढ़ युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी के नेतृत्व और मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया के सानिध्य में युवा मोर्चा की टीम द्वारा 21 किलो की पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विनय माटोलिया ने प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा का साफा पहनाकर अभिनंदन किया। बबलू सामरिया द्वारा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल बालन का और संयोजक हिमांशु भाटी द्वारा सीकर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज



बाटड़ का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। युवा मोर्चा टीम की ओर से प्रदेशाध्यक्ष को प्रतीक स्वरूप-हनुमान गदाण्णभेंट की गई। कायमखानी समाज के आसिफ हासमखानी ने उन्हें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की तस्वीर भेंट की। इस गरिमामयी उपस्थिति के दौरान युवा मोर्चा जिला महामंत्री आदित्य पुजारी, जिला मंत्री हरिओम खोड, जिला उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह राठौड़, महामंत्री प्रकाश भार्गव, महामंत्री गौरव इंदौरिया, महामंत्री श्रवण ढिढरिया, महामंत्री विशाल, विश्वदीपक काछवाल, अरुण पंवार, गौतम भाटी, पवन बिनावरा, ललित गुर्जर, आसिफ, सहबाज, बिट्टू काजी, गजेंद्र जाट, कैलाश प्रजापत, गोपाल प्रजापत, सुनील ढाका, कृष्ण प्रजापत, राम दायमा, रितिक शर्मा, इमरान, अहमद, मोसिम, इकबाल, अर्चित अग्रवाल, आदिल, चौतन्य, रवि, रितेश, सुरेंद्र सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार 18 फरवरी को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं को शिशु स्वस्थ हो और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिनए एचआईवीए सिफलिसए ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। इस दिन पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे, ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी निःशुल्क करवा सके।

# अमावस्या पर सजी विशेष झांकी, गौशालाओं में किया दान-पुण्य

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भौमवती अमावस्या पर मंगलवार को छोटीकाशी में दान-पुण्य की धूम रही। श्रद्धालुओं ने पितरों के निमित्त हवन.तर्पण किया। मंदिरों में विशेष झांकी सजाई गई। श्री श्याम सेवी संस्थाओं की ओर से अमावस्या कीर्तन का आयोजन किया गया। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में ठाकुर श्रीजी और राधा रानी ने रचना झांकी में गौरांग महाप्रभु और नित्यानंद महप्रभु के हरे नाम सकीर्तन करते हुए की झांकी सजाई गई। सभी सातों झांकियों में बड़ी संख्या में दर्शनार्थी दर्शन करने पहुंचे।



**द्वादश ज्योतिर्लिंग को अर्पित की गुलाल:** गलता गेट स्थित मंदिर श्री गीता गायत्री जी में श्याम प्रभु, द्वादश ज्योतिर्लिंग सहित सभी विग्रहों को गुलाल अर्पित की गई।

महिलाओं ने होली के रसिया गीत गाते हुए रिझाया। पंण् राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में महाआरती की गई। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने फाल्गुनी गीतों और भजनों पर नृत्य किया।

# साल का पहला सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखा : सूतक भी नहीं लगा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इस वर्ष चार ग्रहण लगेंगे, जिनमें दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण शामिल हैं। वर्ष का पहला ग्रहण मंगलवार को कंकण सूर्य ग्रहण के रूप में हुआ, जो भारत में दिखाई नहीं देने के कारण इसका सूतक काल भी मान्य नहीं रहा।

ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि इस साल का पहला सूर्य ग्रहण अंटार्कटिका, दक्षिण अफ्रीका, चिली और अर्जेंटीना के दक्षिणी भागों में दिखाई दिया। भारत में दृश्य नहीं होने से इसका धार्मिक प्रभाव यहां मान्य नहीं माना गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का दूसरा ग्रहण 3 मार्च को खग्रास चंद्र ग्रहण के रूप में लगेगाए जो भारत सहित ऑस्ट्रेलिया, एशिया, प्रशांत महासागर तथा उत्तर, दक्षिण अमेरिका में दिखाई देगा। यह ग्रहण अपराह्न 3:20 बजे शुरू होकर शाम 6:47 बजे समाप्त होगा। ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 27 मिनट रहेगी। चंद्र ग्रहण का सूतक 3 मार्च को सुबह 6:53 बजे से प्रारंभ होकर ग्रहण समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। वर्ष का तीसरा ग्रहण 12 अगस्त को खग्रास सूर्य ग्रहण के रूप में होगा, जो ग्रीनलैंड आइसलैंड, पुर्तगाल, रूस, उत्तरी स्पेन, यूरोप के अधिकांश हिस्सों, अफ्रीका और उत्तरी अमेरिका में दिखाई देगा। वहीं वर्ष का चौथा और अंतिम ग्रहण 28 अगस्त को खंडग्रास चंद्र ग्रहण के रूप में लगेगाए जो अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका तथा पश्चिमी एशिया के कुछ क्षेत्रों में देखा जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि सूर्य और चंद्र ग्रहण खगोलीय घटनाएं हैं। चंद्र ग्रहण पूर्णिमा के दिन तब होता है, जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और सूर्य का प्रकाश चंद्रमा तक नहीं पहुंच पाता। वहीं सूर्य ग्रहण अमावस्या को तब होता हैए जब चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच से गुजरते हुए पृथ्वी पर अपनी छाया डालता है। ज्योतिषाचार्य शर्मा ने बताया हि यह ग्रहण भारत में आंशिक रूप से प्रभावी रहा। इसलिए सूतक काल मान्य नहीं रहा। इसके ठीक पंद्रह दिन बाद 3 मार्च को धुलंडी के दिन चंद्रग्रहण शाम 6:26 से 6:46 बजे के बीच दिखाई देगा। कम समय में दो ग्रहण लगना ज्योतिष दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे योग के दौरान प्राकृतिक आपदाएं, भूचाल, बाढ़, युद्ध जैसे हालात, बड़े नेताओं से जुड़ी दुखद खबरें या शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जैसी घटनाएं देखने को मिल सकती हैं। पं. पारीक के अनुसार ग्रहण काल आध्यात्मिक साधना का श्रेष्ठ समय होता है। इसमें ईश्वर आराधना से नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है।

# विद्युत टावर लगाने पर जताया विरोध

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** किसान मजदूर भवन तारानगर में 765 केवी, बिजली टावरों के मुआवजे को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान सभा के तहसील अध्यक्ष पूर्णाराम सरावग ने की। बैठक को संबोधित करते हुए हरियाणा के किसान नेता बलवीर सिंह ने कहा कि अडानी विद्युत कंपनी चूरू जिले में किसानों की टावर लाइन लगाने के लिए जबरन जमीन अधिग्रहण कर रही है तथा किसानों की खड़ी फसल को नष्ट कर रहे हैं इसको चूरू जिले का किसान बर्दाश्त नहीं करेगा। 765 केवी, लाइन का कार्य तुरंत रोका




जाए। राज्य कमेटी सदस्य निर्मल कुमार व जिला मंत्री उमराव सिंह ने फसल बीमा क्लेम, विद्युत टावर भूमि अधिग्रहण मुआवजा सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 23 फरवरी को तहसील कार्यालय के आगे होने वाली किसान महापंचायत में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाने की बात कही। बैठक को तहसील सचिव विक्रम सोनी, जिला उपाध्यक्ष चिमनाराम पांडर, रामस्वरूप सहारण व कुनन बरोड़ आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में हजारी सरावग, होशियार सिंह, बनवारी लाल सौनपालसर, राकेश पुनरस, आरिफ मिस्त्री, बशीर खान, मनीर खान, गोपीराम, गजेंद्र सिंह, लालचंद, बेगाराम, याकूब खा, दाताराम, मामराज सहित अनेक कार्यकर्ता तथा किसान मौजूद थे।

# अमावस्या पर गायों की सेवा में किया हरा चारा दान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हर माह की भांति इस बार भी भौमवती अमावस्या पर श्री श्याम गौसेवा परिवार समिति के तत्वावधान में अभयुपरा, मुहाना रिंग रोड स्थित तेजल गौशाला में हरे वे सुख चारे की गाड़ी का वितरण किया गया। इसी के साथ गुड़, खल आदि भी गायों को खिलाया गया। इस अवसर पर समिति के तीन सदस्यों का दुप्पटा, व मूवमेंटों देकर सम्मान किया गया। समिति के पदअधिकारियों गौशाला संचालक व सदस्यों का दुप्पटा पहना कर सुनील शर्मा, केदार जागिड़ व नारायण जागिड़ का किशोरी लाल बैरवा, अरुण शर्मा, हनुमान सहाय, भंवर लाल ने स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र टेलर ने बताया की इस अवसर पर समिति के रामचंद्र चौधरी, अशोक प्रजापत, सुरेंद्र बैरवा, कन्हैयालाल, मेघराज, ओम सिंह, विष्णु शर्मा, गणेश नारायण, संजय कुमार मीणा, सुनील कुमावत, कन्हैया लाल शर्मा, अरविंद टेलर, रामफुल बैरवा, समेंत समिति के सभी सदस्य मौजूद रहें। समिति के तत्वावधान में 21 फरवरी को फागोत्सव भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा। फाग उत्सव का आयोजन गोल्यावास एमानसरोवर स्थित विनायक सरोवर हाई फाई स्कूल के सामने किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में सभी श्रद्धालु आमंत्रित है।

# कलर फाउंटेन की बच्चों ने तोड़ी 8 लाईट्स, सीसीटीवी में हुए कैद

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नाथोतालाब स्थित ग्रीन स्पेस पार्क में हाल ही में करीब 14 लाख की लागत से सौंदर्यकरण के लिए लगाए गए कीमती फव्वारों की लाईट्स को कुछ नाबालिग लड़कों को तोड़ दिया। इस घटना का सीसीटीवी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस प्रशासन मामले में कार्यवाही करने की स्थिति में नहीं है। सोमवार की शाम को यह घटना हुई जब दो बच्चे पत्थर से फव्वारों को तोड़ते हुए पार्क में लगे सीसीटीवी में कैद हो गए। वहीं दो बच्चे और उनके साथ नजर आ रहे हैं। बच्चे पत्थरों से टारगेट कर लाईट्स तोड़ रहे हैं, फिर वहां से पकड़े जाने के डर से भागते हुए भी नजर आए हैं। मामले को लेकर पार्क के गार्ड अजीज खान ने बताया कि ग्रीन स्पेस पार्क कई किलोमीटर में फैला हुआ है



और स्कूल की तरफ और पीछे की बस्ती की तरफ सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त नहीं है। इसलिए हमारी मांग है कि इधर की दीवार को उंचा करवाकर सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जावें। दूसरी ओर स्थानीय निवासी नूर मोहम्मद खान पहाड़ियान ने बताया कि परिजनों को अपने बच्चों को समझाना चाहिए, क्योंकि इस प्रकार के उत्पाती बच्चे बड़े होकर अपराधी बन सकते हैं। वहीं रामानंद माटोलिया ने कहा कि बच्चों के परिजनों से पुलिस और प्रशासन को हर्जाने की राशि वसूल करनी चाहिए। दूसरी ओर इस मामले में नगरपरिषद की ओर से एक प्रार्थना पत्र भी पुलिस थाने को भेजा गया। सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल ने बताया कि पुलिस ने प्रार्थना पत्र नहीं लिया, क्योंकि बच्चे नाबालिग हैं। वहीं मामले में कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि सीसीटीवी में नजर आ रहे बच्चे नाबालिग हैं और पुलिस इतने छोटे बच्चों के खिलाफ मुदकमा दर्ज नहीं कर सकती। वहीं शोसल मडिया पर बच्चों के परिजनों से ही हर्जाना राशि वसूल किए जने की मांग उठ रही है। इस घटनाक्रम में कुल 8 लाईट्स क्षतिग्रस्त करने की जानकारी मिली है। नगरपरिषद प्रशासन ने बताया कि गार्ड को भी लापरवाही पर नोटिस दिया जायेगा।

वहीं गार्ड का कहना है कि एक ही गार्ड हूंए मुझे गेट पर और पानी के पास तैनात रहना पड़ता है, जबकि पार्क काफी बड़ा है।

# वकील ने लगाया गाली गलौच का आरोप

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वकील के साथ गाली गलोच करने व कुछ समय के लिए कैद किए जाने का मामला कोतवाली थाने में दर्ज किया गया है।

पुलिस को दी गई रिपोर्ट में अधिवक्ता मो. दयान ने बताया है कि 17 फरवरी को दोपहर करीब तीन बजे मेरा मुवक्किल खालिद पंवार, निवासी चांद बास मेरे पास न्यायालय परिसर आया। उसने बताया कि मेरे द्वारा मकीला एम्पॉवर निधि लि. सुजानगढ से लोन लिया हुआ था और मेरे द्वारा लोन और ब्याज चुका दिया गया है। परन्तु कंपनी व उसके कर्मचारी मुझे अनापति प्रमाण पत्र व गिरवी रखा चांदी का सामान लौटा रहे हैं और कहा है कि आप अपने वकील को लेकर यहां आओ। जिस पर मैं मुवक्किल खालिद पंवार के साथ उक्त कार्यालय में गया। जहां खालिद के लोन के संदर्भ में बातचीत करना शुरू किया।

मैंने कार्यालय में एक मोबाईल नंबर पर बात की, तो उसने मुझे गालियां दींए इसी दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने अंदर से गेट का लॉक लगा लिया और कहा कि तुम लोगों को बाहर नहीं जाने देंगे। ऐसा कहकर मुझे व मेरे मुविक्कल को कैद कर लिया। इसके बाद कंपनी के पांच-छ लोगों ने एकराय होकर अपराधिक षडयन्त्र रचकर हम लोगों पर हमला दिया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 32 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की ईहलीला समाप्त

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम राजलदेसर थाना क्षेत्र में एक युवक ने खेत में खेजड़ी के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार, वार्ड संख्या 11 निवासी कालूराम प्रजापत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका छोटा भाई 32 वर्षीय प्रकाश परिवार सहित अलग मकान में रहता था। कालूराम के मुताबिक आज मंगलवार सुबह प्रकाश घर पर नहीं मिला। गत रात्रि को प्रकाश शराब के नशे में था और देर रात तक अपने घर में शोर-शराबा कर रहा था। परिजनों ने आसपास तलाश कीए लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। बाद में किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि फुसाराम प्रजापत के खेत में एक युवक पेड़ से लटका हुआ है। मौके पर जाकर देखा तो प्रकाश फांसी पर लटका मिला। पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों की सहायता से शव को पेड़ से उतरवाया। राजलदेसर पुलिस ने कालूराम की रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमॉर्टम करवाया और फिर परिजनों को सौंप दिया। मामले की आगे की जांच जारी है।

# डोटासरा के हमशक्ल नरेश का जगह-जगह हुआ स्वागत



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** प्रदेश की राजनीति का चर्चित चेहरा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के हमशक्ल नरेश को जयपुर विधानसभा में आमंत्रित किए जाने और स्वयं डोटासरा द्वारा उन्हें अपना धर्म का भाई बताने के बाद लाडनूं क्षेत्र में उनका जगह-जगह स्वागत एवं अभिनंदन किया जा रहा है। मंगलवार को डोटासरा के डुप्लीकेट नरेश सिंधी का चाड़वास निवासी समाजसेवी पुटिया राजा द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान पुटिया राजा ने उनका दुपट्टा ओढ़ाकर, माला पहनाकर एवं साफा बांधकर सम्मान किया। वहीं बीदासर में भी खुड़िया परिवार द्वारा उनके भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भामाशाह पुटिया राजा ने बताया कि इस प्रकार की साधारण और चर्चित प्रतिभाओं को समाज में सम्मान मिलना चाहिए जिससे उनकी प्रतिभाओं को सफलता के पंख मिलते हैं। इस अवसर पर हास्य कलाकार पंकज सोनी, महावीर सैन, रामु राम गोदारा, प्रभुराम, जगदीश खुडीया, मघाराम प्रजापत, राकेश भृगुवंशी, विमल प्रजापत, पत्रकार अबूबकर बल्खी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हार्मोनल हेल्थ को सुधारने के लिए डेली रूटीन में शामिल करें ये योगासन, मिलेंगे कई फायदे

हार्मोन्स हमारे शरीर को एनर्जी देने, हमारे अच्छे स्वास्थ्य और शारीरिक विकास, मेटाबॉलिज्म को सही बनाए रखने और अन्य शारीरिक गतिविधियों में अहम भूमिका निभाते हैं। बहुत सारे हार्मोन्स बनाने वाली ग्लैंड्स से मिलकर हमारा एंडोक्राइन सिस्टम बना होता है। लेकिन जब हमारे शरीर में हार्मोन्स असंतुलित हो जाते हैं, तो आपको कई लक्षण देखने को मिल सकते हैं। हार्मोन्स के असंतुलित होने पर रात में नींद न आना, स्किन से जुड़ी समस्या, सिर दर्द, थकान, वजन बढ़ना या कम होने के साथ महिलाओं के पीरियड्स में अनियमितता देखने को मिल सकती है। ऐसे में आप हार्मोन्स को नियमित रख कर अपनी सेहत को और बेहतर बना सकती हैं। ऐसे में आप योग और मेडिटेशन का सहारा भी ले सकती हैं।



## भुजंगासन

- इस आसन को कोबरा पोज भी कहा जता है। यह पीछे की तरफ झुकने वाला पोज है। इस आसन को करने से तनाव, मोटापा और मासिक धर्म से जुड़ी परेशानियों को कम किया जा सकता है।
- इस आसन को करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं।
- फिर अपने हाथों को छाती के पास रखें।
- अब पेट और ऊपरी शरीर को ऊपर की तरफ उठाएं और कंधो, गर्दन और सिर को ऊपर उठाएं।
- जब आप इस आसन को करने के दौरान सिर, कंधे और गर्दन को ऊपर ऊठाएं तो इस दौरान आसमान की ओर देखें।
- करीब 5 सेकेंड तक इस अवस्था में रहने के बाद अपनी सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।

## मालासन

- इस आसन को करने से कमर, कूल्हों, टखनों और बॉडी को स्ट्रेच, जांघों, पेट की मांसपेशियों को टोन और कोलन के कार्य में सुधार, व पेल्विस में ब्लड सरकुलेशन को बढ़ावा मिलता है।
- मालासन को करने से लिए एक मैट पर अपनी टांगों को दूर दूर करके बैठ जाएं।
- अब स्क्वाट की अवस्था में बैठें और अपने हिप्स को जमीन पर ना रखें।
- अगर आपकी एड़ी जमीन पर नहीं टिक रही है, तो एड़ी के नीचे टॉवल आदि भी रख सकती हैं।
- अपनी ऊपरी बाजुओं को घुटनों के अंदरूनी भाग में लाएं और कोहनियों को जाघों के पास रखें।
- फिर दोनों हथेलियों को मिलाते हुए 10 लंबी-लंबी सांसे सें।

## उष्ट्रासन

- इस आसन को करने से हार्मोन्स संतुलन में रहते हैं।
- उष्ट्रासन को करने के लिए आप अपने घुटनों को जमीन पर रखें और फिर ऊपरी बॉडी को सीधा रखें।
- इस दौरान कंधों को पीछा करने का प्रयास करें और अपने हिप्स, छाती और जांघों को भी पीछे की तरफ ले जाएं।
- इस आसन को करने के दौरान आपको जितना आरामदायक लगे उतना पीछे ले जाएं।
- इस अवस्था में कुछ देर लंबी सांस लेते हुए इसी अवस्था में रहें।

## ससंगासन

- इस आसन को करने से रीड की हड्डी का लचीलापन बढ़ता है और गर्दन व सिर के आसपास होने वाले स्ट्रेस से राहत भी मिलती है।
- अपनी एड़ियों पर बैठते हुए वज्रासन अवस्था में आ जाएं।
- अब अपनी बाजुओं को पीछे की तरफ खोल लें और पैरों को पीछे ले जाने की कोशिश करें।
- फिर अपनी ठुड्डी को अपनी छाती में गड़ा लें।
- इस अवस्था में सिर नीचे की तरफ रहेगा, इस दौरान ठुड्डी छाती को छू रही हो और आपका सिर घुटनों को छूने की कोशिश करें।
- फिर लंबी सांसे लें।

## सेतुबंधासन

- इस आसन को करने के लिए सबसे पहले जमीन पर लेट जाएं और अपने घुटनों को मोड़ लें।
- इस दौरान अपने हाथों को साइड में रखें।
- कमर के भाग को ऊपर उठाएं और हाथ आपकी कमर के नीचे जमीन पर रखें।
- अब सांसे छोड़ें और थोड़ी देर इस अवस्था में रुकने के बाद वापस अपनी सामान्य अवस्था में वापस आ जाएं।

# स्पाइसी खाने के बाद क्यों लगता है तीखा और गर्मी

स्पाइसी चटनी खाने के बाद या फिर स्पाइस करी खाने के बाद कैसे चेहरा लाल हो जाता है। इसके ऊपर से यदि कुछ गर्मागर्म पी लिया, तो हालत और खराब हो जाती है। कई लोगों का स्पाइस टॉलरेंस इतना कम होता है कि उनके खाने में थोड़ी-सी भी मिर्च हो, तो उनके आंसू निकलने लगते हैं। क्या आपने यह नोटिस किया है कि कई बार स्पाइसी खाने के बाद पसीना तक निकलने लगता है। ऐसा क्यों होता है अगर आपसे पूछा जाए, तो आप भी कहेंगे कि गर्मी लगती है, लेकिन कैसे? क्यों स्पाइसी खाने के बाद हमें गर्म लगने लगता है। चेहरे पर पसीना आने लगता है और क्यों गर्मी का लेवल इतना बढ़ जाता है।



## तीखा खाने के बाद मुंह में ऐसी होती है सनसनाहट

आपने ज्यादा मिर्ची वाला खाना खाया और उसके बाद यदि गर्मागर्म चाय या कॉफी पी ली, तो तीखेपन का स्तर काफी बढ़ जाता है। आपके मुंह और होंठों के पास एक बर्निंग संसेशन होने लगती है। श्लेष्मा झिल्ली, जो फेफड़ों को हार्मफुल इनहेलेबल्स से बचाती है, अत्यधिक सक्रिय हो जाती है जिससे नाक बहने लगती है। शरीर का तापमान बढ़ जाता है। आपने नोटिस किया होगा कि इसके कारण कई लोगों को हिचकियां भी लगना चालू हो जाती हैं।

## स्पाइसी खाने के बाद क्यों लगती है गर्मी?

यह सवाल अगर आपके मन में भी कभी न कभी आया है, तो इसका जवाब बहुत सिंपल है और वो है कैप्साइसिन। जी हां, स्पाइसी फूड में यह एक्टिव कंपोनेंट होता है। जब आप मिर्ची वाला खाना खाते हैं, तो कैप्साइसिन मुंह में रिसेप्टर्स से बाइंड हो जाता है, जो हीट को डिटेक्ट करने के लिए जाने जाते हैं। यह आपके मुंह को गर्म चीजों से जलने से बचाता है। कैप्साइसिन के सेवन से ये रिसेप्टर्स एक्टिवेट होते हैं और आपकी बॉडी ठीक वैसे ही रिएक्ट करती है, जैसे गर्म खाने पर होता है। यही कारण है कि आपको बेहद गर्मी लगने लगती है और पसीना आने लगता है। पसीना आने से आपके शरीर का टेंपरेचर धीमा हो जाता है।

### तीखा खाने से होते हैं शरीर में कई बदलाव

तीखा खाने से आपकी हार्ट रेट बढ़ने से मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है और आपकी नाक से भी पानी निकलना शुरू होता है। कई बार आंखों से भी आंसू आने लगते हैं। तीखा खाने से आपका शरीर एंडोर्फिन्स रिलीज करता है। यह एक ऐसा मस्तिष्क में पाया जाने वाला केमिकल है, जो दर्द से राहत देकर खुशी को बढ़ाता है। कुछ लोग दर्द से राहत पाने के लिए ऐसा करते भी हैं और इससे उन्हें बड़ा आराम मिलता है।

## मस्तिष्क यह कैसे तय करता है कि मुंह जल रहा है?

कई विशेषज्ञ इस बात का पता नहीं लगा पाए हैं, लेकिन यह माना जाता है कि मस्तिष्क प्राप्त होने वाली उत्तेजनाओं के प्रकार और विविधता के आधार पर यह तय करता है। अकेले नोसिसेप्टर को खतरनाक उत्तेजना और अत्यधिक तापमान का संकेत दे सकती है। मगर मिर्च में एक्टिव इंग्रीडिएंट कैप्साइसिन, उन नर्व्स को भी उत्तेजित करता है जो तापमान में हल्की वृद्धि पर ही प्रतिक्रिया करती हैं। कैप्साइसिन के जरिए जब मस्तिष्क को संदेश जाता है तो गर्माहट महसूस होने लगती है। यही उत्तेजनाएं चुभने या कटने के बजाय जलने की अनुभूति को परिभाषित करती हैं।

## तीखा खाने के फायदे

यह तय है कि तीखा खाने से आपको मुंह में जलन होती है और काफी देर तक बर्निंग संसेशन रहती है। हालांकि, यह मुंह के बैक्टीरिया, वायरस और माइक्रोब्स को मारने में भी मदद करता है। यह आपके मेटबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करती है, जो एक तरह से वजन घटाने के लिए अच्छा है। इसे खाने से आपका ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित हो सकता है और आपको भूख कम लगती है। चिली पेपर्स को विटामिन-ए और सी का एक बेहतरीन स्रोत माना जाता है। यह शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिए भी जानी जाती है।

### तीखा खाने के नुकसान

स्वास्थ्य लाभों के लिए पहचानी जाने वाली मिर्च खाने के नुकसान भी हैं। इसे खाने के बाद, सूजन, मतली, उल्टी, आंखों में दर्द, दस्त, पेट में दर्द, एसिड रिफ्लक्स से सीने में जलन और सिरदर्द आदि की समस्या हो सकती है।

# बीमारी रहेगी कोसों दूर, बस रात को सोने से पहले कर लें ये काम

आज के इस बिजी लाइफ में हर कोई किसी न किसी बीमारी से तो परेशान ही है। इंसान का शरीर बीमारियों का घर बन चुका है। किसी को डायबिटीज, तो किसी को दिल की बीमारियां, तो कोई मोटापा से परेशान है । दरअसल हमारी जीवनशैली और हमारी आदतें हमारे अच्छे और बुरे सेहत के लिए जिम्मेदार होते हैं। अगर आप भी सेहतमंद जिंदगी जीना चाहते हैं तो एक्सपर्ट के बताएं हेल्दी आदतों को फॉलो कर लीजिए।



## फोन से दूरी

एक्सपर्ट के मुताबिक आपको सोने से कम से कम 1 घंटे पहले फोन को खुद से दूर रख देना चाहिए। अगर फोन से निकलने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्स ब्लू और येलो लाइट आपसे दूर हो जाएंगे, तभी आपका स्लीपिंग हार्मोन मेलाटोनिन आपके लिए काम करेगा। इसलिए अगर आप एक हेल्थी लाइफ जीना चाहते हैं तो रात को सोने से पहले फोन को दूर रख दें।

## सोने से पहले ओरल हाइजीन

सोने से पहले एक्सपर्ट ओरल हाइजीन करने की सलाह देती हैं। यह हैबिट आपके दांतों को लाइफटाइम बचा कर रखने में मदद करेगी। बैक्टीरिया और जर्म्स दांतों से आसानी से निकल जाएंगे। इसके अलावा सोने से पहले हमेशा स्किन को साफ करना चाहिए। ये आपकी बॉडी का सबसे लार्जेस्ट ऑर्गन है। पूरे दिन की एनवायरमेंटल टाक्सीसिटी आपकी स्किन को इफेक्ट करती है, ऐसे में इसे क्लीन करने के बाद ही बेड पर जाना चाहिए। रात के समय मुंह धोने से रात भर स्किन साफ और रिफ्रेश रहती है और झुर्रियों का खतरा कम होता है।

## सोने से पहले जर्नलिंग करें

सोने से पहले आपको खुद से खुद को कनेक्ट करना चाहिए। आप सोने से पहले जर्नलिंग कर सकते हैं। यह आपके विचारों को कागज पर उतरने और उन्हें अपने दिमाग से निकालने में मदद करता है। आप हर रोज तीन चीज डायरी में नोट डाउन करें, जैसे आप कैसा फील कर रही हैं? आपके कल के लिए क्या गोल है? और आज आपने जो कुछ भी किया है उसे नोट डाउन कर लें।

# पैरों के तलवे में होने वाली जलन को ना करें नजरअंदाज, वरना नसों को डैमेज कर देंगी ये बीमारियां

अक्सर आपने लोगों को यह कहते हुए सुना होगा कि उनके पैरों के तलवों में जलन होती है। चलने या फिर गर्मी में पैरों के तलवे में जलन होना आम बात है। लेकिन घर में बैठे-बैठ या फिर रात में सोने के समय आपके पैरों के तलवे में जलन होती है, तो इसे आम समस्या समझने की गलती नहीं करनी चाहिए। बता दें कि यह तीन बड़ी बीमारियों के लक्षण हो सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक पैरों के तलवों में जलन होना काफी महत्वपूर्ण और आम लक्षण है।



### डायबिटीज

डायबिटीज के कारण पैर या फिर तलवे में जलन की समस्या हो सकती है। डायबिटीज होने पर हाई ब्लड शुगर लेवल आपके शरीर की सारी नसों को डैमेज करने लगता है। जिसका सबसे पहले और आम लक्षण पैरों में दिखाई पड़ता है। डायबिटीज के 50 प्रतिशत मरीजों के पैरों व तलवे जलन की समस्या पायी जाती है।

### विटामिन बी12 की कमी

हमारे शरीर के लिए प्रोटीन, विटामिन्स आदि बहुत जरूरी होता है। लेकिन बहुत कम फूड्स में विटामिन पाया जाता है। जिस कारण लोगों में विटामिन की कमी पाई जाती है। वहीं शरीर में विटामिन बी12 की कमी होने से नसों की रिपेयरिंग रुक जाती है। जिससे नसें कमजोर होने लगती हैं। इससे भी खड़े होने पर दर्द, पैरों में भारीपन, पैर-तलवों में जलन और नसों के आसपास खुजली होना नसों की कमजोरी के कुछ प्रमुख लक्षण होते हैं।

### हाइपोथायरॉइडिज्म

हाइपोथायरॉइडिज्म में थायरॉइड ग्लैंड से हार्मोन का उत्पादन कम हो जाता है। जिसके कारण वजन तेजी से बढ़ने लगता है। बताया जाता है कि इस बीमारी से फ्लूइड रिटेंशन भी होता है। फ्लूइड रिटेंशन से पेरिफेरल नर्व्स पर ज्यादा दबाव पड़ने लगता है।

## कॉफी पीने के शौकीन हैं तो हो जाएं सावधान, वरना हो जायेगा ये नुकसान

चाय के बाद लोगों की जो सबसे पसंदीदा ड्रिंक होती है वो है कॉफी। लोग फ्रेश फील करने के लिए कॉफी के साथ दिन की शुरुआत करते हैं। वहीं जब कुछ लोगों का एनर्जी लेवल लो होता है तब भी लोग कॉफी की तरफ ही रुख करते हैं। कुछ लोगों को कॉफी से इतना ज्यादा लगाव होता है कि बिना कॉफी के उनका काम ही शुरू नहीं होता है।

### अनिद्रा की समस्या

जरूरत से ज्यादा कॉफी पीने से आपको अनिद्रा की समस्या हो सकती है। दरअसल इसमें कैफीन होता है जो आपको काफी देर तक जाग कर रखता है, ऐसे में अगर आपको इसकी लत लग जाती है तो आपको नींद ना आने की समस्या हो सकती है और यह आपकी सेहत के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है।

### बोन हेल्थ पर असर पड़ता है

जरूरत से ज्यादा कॉफी पीने से आपकी बोन हेल्थ खराब हो सकती है। हड्डियों की डेंसिटी कम हो सकती है। जैसा कि हम सब जानते हैं कि कॉफी में कैफीन की मात्रा होती है इसके सेवन से कैल्शियम का स्राव बढ़ सकता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस होने का खतरा बढ़ जाता है।

### थकान और सुस्ती होती है

जरूरत से ज्यादा कॉफी पीने से आपको सुस्ती और थकान भी हो सकती है दरअसल आप एक्टिव रहने के लिए जब कॉफी पीते हैं उस वक्त आपको ऊर्जा मिल जाती है, लेकिन जैसे ही इसका असर खत्म होता है आपको सुस्ती और थकान आ जाती है।

### हाई बीपी और दिल की बीमारी का जोखिम

ज्यादा कॉफी पीने से आपको हाई बीपी (हाई बीपी कैसे करें मैनेज) की शिकायत हो सकती है। कॉफी में कैफीन होता है इसके सेवन से दिल तेज गति से काम करता है> इससे शरीर का तापमान बढ़ जाता है और रक्त वाहिकाओं को भी तेजी से काम करने की जरूरत पड़ती है। इससे बीपी बढ़ जाता है। इससे दिल पर दबाव पड़ता है और इससे दिल के रोग का खतरा बढ़ सकता है।

### डिहाइड्रेशन की शिकायत

ज्यादा कॉफी पीने से आपको डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है, क्योंकि यह ड्यूरेटिक के रूप में काम करता है। इससे आपको अधिक बार पेशाब करने की इच्छा होती है और ऐसे आप डिहाइड्रेशन के शिकार हो सकते हैं।

# स्वस्थ रहने के लिए रात को कितने बजे तक सो जाना चाहिए?

आपने अक्सर सुना होगा कि घर के बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि रात को जल्दी सो जाओ और सुबह जल्दी उठो। इस तरह के सोने के पैटर्न को फॉलो करने से स्वास्थ्य पर बहुत अच्छा असर पड़ता है। हालांकि, यह सवाल जरूर उठता है कि आखिर रात को कितने बजे तक सो जाना चाहिए? क्या किसी फिक्स समय पर सोने से हेल्थ पर उसका कोई असर पड़ता है या फिर अच्छी हेल्थ के लिए महज रात की नींद भर काफी होती है? यानी आप चाहें, तो किसी भी समय सो सकते हैं?



### रात को कितने बजे तक सो जाना चाहिए?

एक अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार, समय पर सोना बहुत जरूरी होता है। 80 हजार से ज्यादा लोगों पर हुए अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि रोजाना रात को 10 से 11 बजे के बीच सो जाना चिहए। सोने का समय निश्चित होना चाहिए। इससे हार्ट हेल्थ पर बहुत अच्छा असर पड़ता है। इससे सर्केडियन रिदम सही तरह से रेगुलेट होती है। आपको बताते चलें कि हमारे शरीर का एक बायोलॉजिकल क्लॉक होता है, जो आपको यह संदेश देता है कि कितने बजे उठना है या फिर रात को कितने बजे सोना है। सर्केडियन रिदम का सही होना बहुत जरूरी है। अगर यह सही तरह से रेगुलराइज न हो, तो इससे हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं।

### थकान नहीं होती है

जब आप रोजाना समय पर सोने जाते हैं, तो आपके शरीर को उसकी आदत हो जाती है। साथ ही रोजाना 7-8 घंटे की पर्याप्त और समय पर ली गई नींद आपको एनर्जी से भर देती है। सुबह उठने के बाद आप खुद को हर तरह के काम के लिए तैयार पाते हैं। यहां तक कि किसी भी तरह के काम करके आप थकान महसूस नहीं करते हैं।

### ज्यादा ऑर्गनाइज रहते हैं

आपने अक्सर डॉक्टर्स के मुंह से सुना होगा कि अगर लाइफ में ऑगनाइज्ड रहता है, तो रात को समय पर सोया करो। असल में रात को सही समय पर सोने जाते हैं और सुबह तक पर्याप्त नींद लेते हैं, तो आप बेहतर ऑर्गनाइज्ड हो जाते हैं। सही तरह से स्लीप रूटीन फॉलो करने से मन हल्का रहता है और किसी तरह की बात परेशान भी नहीं करती है। यहां तक कि बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान भी आसानी से निकल जाता है।

### नींद से जुड़ी परेशानियां कम होती हैं

जब आप समय से नहीं सोते हैं और पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं, तो इस वजह से नींद से जुड़ी कई परेशानियां होने लगती है। इसमें मूड खराब रहना, डलनेस फील करना और बात-बात पर चिड़चिड़ाना शामिल हैं। वहीं, जब आप समय पर सोते हैं, तो इस तरह की परेशानियां नहीं होती हैं और मन भी हमेशा अच्छा रहता है। यहां तक कि समय पर सोने वाले लोग पोजिटिविटी से भरे रहते हैं।

### इंसोमनिया की समस्या नहीं होती है

इंसोमनिया यानी अनिद्रा की समस्या है। यह समस्या अक्सर उन लोगों को होती है, जिनका स्लीपिंग पैटर्न बहुत खराब होता है। इस तरह के लोग देर तक जागते हैं और बहुत कम समय के लिए सोते हैं। कई बार इंसोमनिया के मरीजों को कई-कई दिनों तक नींद नहीं आती है। इसका असर उनकी मेंटल-फिजिकल हेल्थ पर पड़ता है। इसके ठीक उलट, अगर कोई समय पर सोता है और पर्याप्त नींद लेता है।

# अजवाइन के पानी से सेहत को मिल सकते हैं ये बेमिसाल लाभ

अजवाइन एक ऐसा मसाला है, जो हर भारतीय किचन में हमेशा ही मौजूद होता है। अमूमन हम तरह-तरह की सब्जी बनाते समय इसे इस्तेमाल करते हैं। इतना ही नहीं, इसे कई तरह की बीमारियों में घरेलू इलाज के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। खासतौर से, पेट की समस्याओं को दूर करने में अजवाइन रामबाण की तरह काम करता है।



**गैस की समस्या को करे दूर :** अजवाइन के पानी का सेवन गैस की समस्या को कम करने के लिए किया जा सकता है। अगर आप नियमित रूप से अजवाइन का पानी पीते हैं तो इससे पेट में गैस बनना कम हो जाता है। इतना ही नहीं, इससे आपके पाचन तंत्र पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जिससे खाना पचाने में मदद मिलती है।

**पेट दर्द से मिलती है राहत :** अजवाइन का पानी पेट दर्द की समस्या को दूर करने में भी बेहद सहायक है। खासतौर से, पीरियड्स के दौरान होने दर्द व क्रैम्प को दूर करने के लिए अवाइन का पानी पिया जा सकता है। जो महिलाएं अजवाइन का पानी पीती हैं, उन्हें अपने पीरियड्स को रेग्युलेट करने में भी काफी मदद मिलती है।

**एसिडिटी से मिलती है राहत :** अजवाइन का पानी एसिडिटी की समस्या को भी दूर करने में काफी मदद करता है। खासतौर से जब इस पानी अदरक और जीरा के साथ लिया जाता है तो इससे बेहद ही कम समय में असर नजर आने लगता है।

**इंफेक्शन में बचाव में मददगार :** अजवाइन में एंटीसेप्टिक, एंटी-माइक्रोबायल और एंटीपैरासिटिक गुण पाए जाते हैं, जो खांसी, सर्दी, कान या यहां तक कि मुंह में इंफेक्शन का कारण बनने वाले बैक्टीरिया के लिए एक एंटीडोट की तरह काम करते हैं।

इसलिए, आप अजवाइन का पानी लेकर खुद को अधिक हेल्दी बना सकते हैं।

**वजन को बनाए रखने में मददगार :** अजवाइन का पानी आपके वजन को बनाए रखने में काफी मददगार हो सकता है। दरअसल, जब आप इसका सेवन करते हैं तो इससे मेटाबॉलिज्म को बूस्टअप करने में मदद मिलती है। साथ ही साथ, वाटर रिटेंशन भी कम होता है। जिससे वजन को बनाए रखना काफी आसान हो जाता है।

## यमुना जल समझौता लागू करने की मांग को लेकर किसान सभा का धरना



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगर में अखिल भारतीय किसान सभा के तत्वावधान में शेखावाटी क्षेत्र में यमुना जल समझौते को लागू कर सिंचाई एवं पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर विधायक कार्यालय के बाहर धरना दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि डॉ आदित्य गुर्जर को सौंपा गया। भारतीय किसान सभा की ओर से दिए ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1994 में हुए यमुना जल समझौते के तहत क्षेत्र को सिंचाई और पीने के पानी की आपूर्ति का प्रावधान किया गया था लेकिन आज तक यह योजना धरातल पर साकार नहीं हो सकी है। किसान सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले 26 महीनों से नहर सत्याग्रह आंदोलन चलाया जा रहा है और इसी क्रम में प्रत्येक माह की 16 तारीख को जनप्रतिनिधियों के निवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जा रहे हैं। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र यमुना जल क्षेत्र में नहीं पहुंचा तो किसानों व आमजन को पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि यमुना जल समझौते को तत्काल प्रभाव से लागू कर शेखावाटी क्षेत्र को राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन देने वालों में बजरंग बराला, मदन सिंह यादव, रणधीर सिंह ओला, राजेंद्र सिंह चाहर, देवकीनंदन सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# पेयजल की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के रसूलपुर पंचायत की ढाणी मोटू के गर्वनमेंट स्कूल में पेयजल आपूर्ति सही तरीके से नहीं होने के कारण बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर पेयजल सप्लाई बहाल करने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों पर अनदेखी करने का आरोप लगाया है। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि गर्वनमेंट स्कूल में पिछले काफी समय से पेयजल की समस्या बनी हुई है। स्कूल में पानी की समस्या को लेकर कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया गया, लेकिन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते पेयजल की सप्लाई पूर्ण रूप से नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पानी की सप्लाई नहीं की जाने के कारण बच्चों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। स्कूल में पानी की समस्या को लेकर जब ग्रामीणों की ओर से संबंधित अधिकारियों से सम्पर्क किया जाता है तो अधिकारियों की ओर से संतुष्ट जवाब नहीं दिया जाता है। पहले भी




ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया तो जलदाय विभाग के अधिकारियों ने जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन पेयजल की समस्या कोई समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि जल्द पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया तो मजबूरन ग्रामीणों को उग्र आंदोलन करना पड़ेगा। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य जगदेव सिंह ने पानी की समस्या के समाधान को लेकर एसडीएम को पत्र भेजकर जल्द समाधान करवाने की मांग की है। इस मौके पर कपिल जांगिड़, सुनील कुमार, महेश कुमार, वीर सिंह, मनोज, ताराचंद, अशोक कुमार, चेतराम, राजू गुर्जर, बसंती देवी, जीवनी देवी आदि मौजूद रहे।

## देवनारायण वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के प्रतापपुरा के राजकीय स्कूल खेल मैदान में आयोजित देवनारायण वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन खटाना थे जबकि अध्यक्षता हजारीलाल ने की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला प्रतापपुरा टीम व 24 जाट रेजिमेंट टीम के बीच खेला गया। जिसमें प्रतापपुरा की टीम ने जाट रेजिमेंट को हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन खटाना ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है बल्कि अनुशासन, भाईचारे और खेल भावना का भी पाठ पढ़ाता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए ऐसे आयोजनों का होना आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेलों के आयोजन से खेल



प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। युवा खेलों के जरिए अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। आयोजनकर्ता गगन खटाणा ने बताया कि विजेता प्रतापपुरा टीम के कप्तान राहुल खटाणा को 21 हजार रुपए, उपविजेता टीम 24 जाट रेजिमेंट के कप्तान रविन्द्र जाट को 11 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य धूड़ाराम, एडवोकेट देवनारायण, राजपाल, पूर्व सरपंच राजेश गाडराटा, अनिल खटाणा, विक्की खटाणा, जितेन्द्र खटाणा, सुंदर पहलवान, विराट गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पानी पीने आया हायना कीचड़ में फंसा



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र में इन दिनों जंगली जानवर कंजर्वेशन से निकलकर आबादी क्षेत्र में घुस रहे हैं। क्षेत्र में आए दिन जानवरों के आने से ग्रामीणों ने भय का माहौल बना हुआ है। मंगलवार सुबह पपुरना के बृखनाथ मंदिर के पीछे जोहड़े मे एक हायना पानी पीने के लिए आया कि वह जोहड़ की दलदल मिट्टी में फंस गया। इस दौरान जब ग्रामीणों ने देखा तो जंगली जानवरों को निकालने के लिए वन विभाग को सूचित किया गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा उसका रेस्क्यू कर खेतड़ी बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन से ले जाया गया। एडवोकेट निरंजन लाल सैनी ने बताया वन विभाग की आए दिन लापरवाहियां सामने आ रही है। संरक्षण अभ्यारण्य की दीवारें पूरी तरीके से नहीं बनाई गई। कंजर्वेशन की दीवारें बहुत ही छोटी होने से आए दिन जंगली जानवर आबादी क्षेत्र में आकर मेवेशियों का शिकार कर रहे हैं। आबादी क्षेत्र में जंगली जानवरों के आने से ग्रामीणों मे भय का माहौल बना हुआ है। वन विभाग द्वारा कंजर्वेशन में जंगली जानवरों के लिए खाने व पीने के लिए पानी की व्यवस्था सही तरीके से नहीं होने के कारण जंगली जानवर आए दिन आबादी क्षेत्र में आ रहे है। इस दौरान ग्रामीणों ने जंगली जानवरों को कंजर्वेशन में रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की है। इस मौके पर योगेश जांगिड़, सुभाष दीवाना, मोहित, महावीर मेघवाल, सोमेश, आशीष भार्गव, केशव शर्मा, धर्मपाल तवीनवाल, ओमी बजाड़ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## मंदिर में चोरी करते वक्त लोगों ने युवक को दबोचा



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय भोजलाई बास स्थित भूतनाथ मंदिर में हुई चोरी के अज्ञात आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई, उससे पहले ही सांड चौक स्थित गणेश मंदिर में भी चोरी की वारदात हो गई। चोर दान पात्र तोड़कर रात के करीब साढ़े 1 बजे चोरी कर रहा था, उसी वक्त आस.पास के लोगों में जाग हो गई और मंदिर से भागते वक्त लोगों ने चोर युवक को पकड़ लिया। लोगों ने युवक को एक विद्युत पोल से बांध दिया और पुलिस को सूचना दी। भाजपा नेता कमल दाधीच ने बताया कि रात में श्री सिद्धी विनायक गणेश मंदिर में चोर घुसा था, उसको लोगों ने पकड़ लिया था। दीवार से कूदने के दौरान वह गिर भी गया था।

दाधीच ने बताया कि आरोपी ने अपना नाम बाबूलाल बताया और उससे पूछने पर उसने बताया कि गौशाला और मुक्तिधाम में भी चोरी उसी ने की है। कमल दाधीच ने कहा कि पुलिस से हमारी मांग है कि जिस प्रकार से मंदिरों को चोर टारगेट कर रहे हैं, इसलिए इन मामलों में पुलिस सख्त कार्यवाही करे और घटना में शामिल सभी चोरों को अरेस्ट करे। दूसरी ओर इस मामले में जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप ने बताया कि मौके पर से लोगों की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को जख्मी हालत में राजकीय बगड़िया अस्पताल में भर्ती करवाया है और उसका उपचार जारी है। जांच अधिकारी ने बताया कि भर्ती व्यक्ति ने अपना नाम श्रवण बताया है। इस मामले में पुलिस ने पन्नालाल प्रजापत की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं घटना के बाद मंदिर में दान पात्र टूटा नजर आया और कपड़ों की संदूकें भी खुली नजर आई।

### प्ररूप-10
### (नियम 6(7) देखिए)
### प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय सूरजगढ़

**क्रमांक :-6601** **दिनांक :- 16/02/2026**

### लोक सूचना

श्री विश्म्भर पुत्र जगदीश, मोहरिया पुत्र सुरजा, फूलचन्द पुत्र रिछपाल, बाबूलाल पुत्र रिछपाल, बलवानसिंह पुत्र श्रीचन्द जमाबन्दी के अनुसार ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है,

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| सूरजगढ़/झुन्झुनू | सूरजगढ़ | 1191 | 0.87 है. |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 16/02/2026 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी**

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,
### जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड खण्डेला (सीकर)

**Email ID-xenphedkdl@gmail.com**

कमांक:एफ( )निविदा/2025-26/2282-2293 दिनांक:- 10.02.2026

### ऑफ लाईन -निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग में पंजिकृत डी एंव उच्च श्रेणी के संवेदको एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में निविदा प्रकिया हेतु ऑफ लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://www.sppp.rajasthan.gov.in से दिनांक 19.02.2026 को सांय 3:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है। ऑफ लाईन निविदाएं कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग खण्डेला में इच्छुक संवेदकों द्वारा 19.02.2026 को सायं 3:30 बजे तक जमा कराये जा सकते है। कार्यालय में तकनीकी बिड दिनांक 20-02-2026 को इस कार्यालय में सुबह 11:00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी।

| निविदा संख्या | विवरण | निविदा की अनु. लागत ( रू. लाख ) | धरोहर राशि ( रूपये ) | निविदा शुल्क ( रूपये ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIB No | UBN No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 72/2025-26 | Providing, Installation with two year operation & maintenance of Mobile Global Positioning based real time Vehicle tracking management information system with a dedicated mobile and Web application for the jurisdiction of PHED Division Khandela | 4.98 | 9960 | 500 | 24 माह | PHE2526 A6396 | PHE2526 WSRC13731 |

**( आशीष चाहर )**
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांन्त्रिकी विभाग खण्ड खण्डेला

DIPR/C/3332/2025

### आम सूचना

मेरे पिताजी पोकरमल पुत्र भूराराम के नाम से एक मोटरसाईकिल बजाज प्लेटीना नम्बर आर.जे. 18 एस.क्यू. 7568 है। यह कि मेरे पिताजी का स्वर्गवास दिनांक 05-01-2023 को हो चुका है। अब उक्त वाहन को मेरी माताजी लाडूरी देवी पत्नी स्व. पोकरमल अपने स्वयं के नाम से रजिस्टर्ड करवाना चाहती है। अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में झुंझुनू परिवहन कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**विकास झाझड़िया पुत्र पोकरमल, जाति-जाट**
**निवासी-झाझड़िया की ढाणी, बिरोल, तहसील नवलगढ़, जिला झुंझुनू ( राज. )**

### आम सूचना

Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महावीर सिंह पुत्र रामकुमार पूनिया निवासी राजगढ़ तहसील राजगढ़, जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 750 वर्ग फीट वाके वार्ड नम्बर 09, मोहल्ला कृषि उपज मंडी, तहसील राजगढ़, जिला चूरू जो की जरिये गिफ्ट पत्र डीड दिनांकित 01.04.2024 को हेमंत सिंह पुत्र महावीर सिंह पूनिया ने प्रार्थी के पक्ष में गिफ्ट की थी। उक्त जायदाद को प्रार्थी Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला न्यायाधीश लाडनूं**
**बईजलास : आरिफ मोहम्मद खान चायल, आर.जे.एस.**
**( जिला न्यायाधीश संवर्ग )**

**विविध प्राणपत्र संख्या : 02/2026 भारतीय उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

प्रार्थीया -
नोजी देवी पत्नी स्व. भानाराम, आयु 78 वर्ष, जाति जाट, निवासी ग्राम ध्यावा, तहसील लाडनूं जिला डीडवाना कुचामन राज.

बनाम

**अप्रार्थी :-**
1. सर्व साधारण
2. शाखा प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक शाखा डीडवाना, तहसील डीडवाना जिला डीडवाना कुचामन राज.

**आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्रस्तुत कर जाहिर किया गया है कि ज्याना देवी पत्नी जगदीश प्रसाद ग्राम ध्यावा की स्थायी निवासी थी जिनकी अचानक मृत्यु हुई थी। ज्याना देवी के नाम पंजाब नेशनल बैंक शाखा डीडवाना में एफ.डी.आर. संख्या 354500 ट।00004525 व एफ.डी.आर. संख्या 354500 ट। 00004543 व खाता संख्या 3545000102840321 में जमा राशि 101000.53/- रूपये जमा है जिनकी प्राप्ति हेतु संबंधित बैंक द्वारा ने स्व. ज्याना देवी के वारिस से सक्षम न्यायालय द्वारा जारी उतराधिकार प्रमाण पत्र चाहे जाने पर प्रार्थीया ने इस न्यायालय में उक्त भुगतान प्राप्ति हेतु उतराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यदि किसी को इस सम्बन्ध में कोई उज्र आपति क्लेम हो या कोई अधिकार रखता हो तो वह दिनांक 13/03/26 को न्यायालय समय 10:00 प्रातः स्वयं या अधिकृत एजेन्ट अधिवक्ता के जरिये प्रस्तुत करे अन्यथा प्रार्थीया को उक्त प्रमाण पत्र जारी करने की आगामी कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। यह नोटिस आज दिनांक 13/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया है।

**वरिष्ठ रिडर**
**अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश लाडनूं**

### कार्यालय नगरपालिका रामगढ-शेखावाटी जिला सीकर (राज.)
बाईपास न्यू बस स्टेण्ड रोड, Ph-1571240246 ramgarh.jaipur@gmail.com

क्रमांकः- न.पा.रा/25-26/971 दिनांक :-13.02.2026

**निविदा सूचना 2025-26/35**

एदत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका रामगढ शेखावाटी द्वारा सक्षम श्रेणी मे पंजिकृत संवेदको से निविदा दरें आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी लोक उपापन पोर्टल http://sppp.raj.nic.in पर **NIB Code DLB2526B1627 Bid Title / (UBN) DLB2526WSOB34272** एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।
नोटः- निविदा में RTPP Act 2012 & Rules 2013 के नियम लागु होगे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रामगढ (सीकर)
राज.संवाद/सी/25/19983

### कार्यालय नगर पालिका मण्डल रींगस (जिला सीकर)
Email - ringas.jaipur@gmail.com Phone No. 01575-224854

क्रमांकः नपारी/2025-26/ 6363 दिनांकः-12.02.2026

**संक्षिप्त ऑनलाईन बिड सूचना-(2025-26)**

नगर पालिका रींगस द्वारा श्रीखाटूश्यामजी मेला 2026 पर सफाई एवं कचरा संग्रहण, परिवहन कार्य बाबत् दिनांक दिनांक-11.02.2026 से 16.02.2026 तक इच्छुक पंजीकृत फर्म/व्यक्तियों से ऑनलाईन बिड (बोली दरें) ई-प्रोक्यूरमेंन्ट प्रकिया के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत विवरण, जानकारी एंव शर्ते http:sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है, जिसके कोड निम्न प्रकार है:-
**Nib Code : DLB2526B1517**
**Ubn Code:- DLB2526SLOB33970**

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका रींगस
राज.संवाद/सी/25/19928

### आम सूचना

मैं राजेश कुमार पुत्र भीष्मचन्द शर्मा निवासी 79/81 मान सरोवर, जयपुर ने पूर्व में जो अपने पुत्र अभेद्य शर्मा व उसकी पत्नी रितिका को अपनी सम्पति व जायदाद से बेदखली की सूचना अखबार में छपवाई थी। अब मैं आज दिनांक 17-02-2026 से घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र अभेद्य शर्मा व उसकी पत्नी रितिका को मैं अपनी जायदाद व सम्पति में पूर्ण अधिकार देता हूं। मैंने जो पूर्व में बेदखली की सूचना प्रकाशित करवाई थी उसको निरस्त माना जावें।

**राजेश कुमार पुत्र भीष्मचन्द शर्मा**

### श्री बाबा रामदेव मेडिकल एजुकेशन सोसाइटी
सुजानगढ़ बाईपास रोड, लाडनूं, डीडवाना-कुचामन E-mail- collegebapuji@gmail.com दूरभाष- 9887502920

क्रमांक : 523 **विज्ञप्ति** दिनांक : 17/02/2026

**डिप्लोमा इन आयुष नर्सिंग एण्ड फार्मेसी (D.A.N. &P) सत्र 2025-26 में काउंसलिंग पश्चात रिक्त रही सीटों पर आवेदन की सूचना**

श्री बाबा रामदेव मेडिकल एजुकेशन सोसायटी, डीडवाना-कुचामन द्वारा संचालित श्री बापूजी आयुर्वेद नर्स/कंपाउंडर प्रशिक्षण केंद्र, लाडनूं के अंतर्गत दिनांक 21-02-2026 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार डिप्लोमा इन आयुष नर्सिंग एवं फार्मेसी (DAN&P) की काउंसलिंग पश्चात रिक्त रही सीटों पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी श्री बापूजी आयुर्वेद नर्स/कंपाउंडर प्रशिक्षण केंद्र, लाडनूं सुजानगढ़ बाईपास रोड, डीडवाना-कुचामन (संस्था कोड : 44) में दिनांक 18.02.2026 से 21.02.2026 तक कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे के मध्य निर्धारित दस्तावेजों सहित अपना आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं। जिसकी काउंसलिंग दिनांक 21.02.2026 को प्रातः 08:00 बजे से R.A.N.C. द्वारा नामित प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जायेगी।

**बीएससी. ( आयुर्वेद ) नर्सिंग सत्र 2025-26 में रिक्त सीटों पर प्रवेश की सूचना**

श्री बाबा रामदेव मेडिकल एजुकेशन सोसायटी, डीडवाना-कुचामन द्वारा संचालित श्री बापूजी बी.एससी आयुर्वेद नर्सिंग कॉलेज, लाडनूं के अंतर्गत दिनांक 23.02.2026 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार बी.एससी आयुर्वेद नर्सिंग की काउंसलिंग पश्चात रिक्त रही सीटों पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी श्री बापूजी बीएससी आयुर्वेद नर्सिंग कॉलेज, लाडनूं, सुजानगढ़ बाईपास रोड, डीडवाना-कुचामन (संस्था कोड : 11) में दिनांक 18.02.2026 से 23.02.2026 तक कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे के मध्य निर्धारित दस्तावेजों सहित अपना आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं। जिसकी काउंसलिंग दिनांक 23.02.2026 को प्रातः 08:00 बजे से R.A.N.C. द्वारा नामित प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जायेगी।

**-निदेशक**

# सरकारी नौकरी के नाम पर 5 लाख की ठगी का आरोप

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लाख रुपये की ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। महरादास निवासी सीताराम पुत्र रामसुख जाट ने पुलिस अधीक्षक को परिवाद देकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। परिवाद में बताया गया है कि उसके गांव का प्रभुदयाल पुत्र मोतीलाल जांगिड़ पिछले 10-15 वर्षों से जयपुर में रह रहा है। 20 अक्टूबर 2023 को वह उसके घर आया और परिवार से मेलजोल बढ़ाते हुए उसके पौत्र सचिन को बाबू की सरकारी नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि प्रभुदयाल ने अजमेर में पदस्थ एक उच्च अधिकारी से मोबाइल पर बात करवाई और दो माह में नौकरी लगने का आश्वासन दिलाया। पीड़ित का कहना है कि विश्वास दिलाने के लिए प्रभुदयाल ने अपने साथियों रोहिताश और संदीप कुमार से भी मोबाइल पर बातचीत करवाई तथा बड़े स्तर पर भर्तियां कराने और लाखों रुपये के मकान बनाने जैसी बातें बताकर भरोसा जीता। इसके बाद 30 अक्टूबर 2023 को उसने 5 लाख रुपये नकद नौकरी लगवाने के नाम पर दे दिए। रकम देने के बाद आरोपित गांव नहीं आया। फोन करने पर कभी किराये के नाम पर 2-3 हजार रुपये मांगे गए तो कभी मोबाइल बंद कर दिया गया। पीड़ित के अनुसार काफी समय बीतने के बाद भी न तो नौकरी लगी और न ही पैसे लौटा, गए। परिवाद में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रभुदयाल का संबंध कुछ प्रभावशाली लोगों से बताया जाता है तथा उसका एक रिश्तेदार विधायक है और उसका धर्मभाई डीलर है, जो पूरे प्रकरण की जानकारी रखता है। आरोप है कि गिरोह पेपर लीक कर और सरकारी भर्तियों में गड़बड़ी कर युवाओं से ठगी करता है, जिससे सैकड़ों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है और सरकार को भी करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने दावा किया है कि उसके पास करीब 100 फोन कॉल रिकॉर्डिंग सहित अन्य साक्ष्य मौजूद हैं। उसने आशंका जताई है कि शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी मिल सकती है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आरोपितों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा स्वयं व परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष गोरा का किया अभिनंदन



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय के रोड नंबर एक स्थित राजोरिया टॉवर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा का युवा नेता अमित राजोरिया के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों ने जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष को 51 किलो फुलों की माला पहनाई तथा पारंपरिक तलवार भेंट कर सम्मानित किया। अभिनंदन समारोह में जेसीबी मशीनों के माध्यम से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण और जोशीला बन गया। भाजपा नेता शीशराम राजोरिया के सानिध्य में शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी समारोह में भाग लेकर प्रदेशाध्यक्ष का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप सैनी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया।

## झंवर स्कूल में संसाधन संपूर्ति कार्यक्रम आज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** दी यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा राजकीय झंवर उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय में 18 फरवरी बुधवार को विद्यालय सहायतार्थ संसाधन संपूर्ति कार्यक्रम व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि स्व. रेंवतमल, रतनलाल भूतोड़िया की स्मृति में कमला देवी, चन्द्रकला देवी, विनय भूतोड़िया के सौजन्य से संसाधन संपूर्ति कार्यक्रम आयोजित होगा।

## युवती के अपहरण का आरोप

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय पुलिस थाने में प्रभात नगर के निवासी घनश्याम माली ने रिपोर्ट दर्ज करवायी है कि उसकी 24 वर्षीय भतीजी माया उर्फ भगवती को अज्ञात व्यक्ति दिनांक 15 फरवरी को अपहरण कर ले गया। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल पोखरमल ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# खाटूश्यामजी फाल्गुन लक्खी मेला 21 से 28 फरवरी तक

## संभागीय आयुक्त ने मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में ली बैठक



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** बाबा खाटूश्याम का फाल्गुन लक्खी मेला 21 फरवरी से शुरू हो रहा है। फाल्गुन लक्खी मेला 21 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। मंगलवार को वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेले की तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर संभागीय आयुक्त जयपुर पूनम, जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक ने मेले की व्यवस्थाओं से जुड़े संबंधित विभागीय अधिकारियों की खाटूश्यामजी में थाना परिसर में बैठक ली। संभागीय आयुक्त पूनम ने कहा कि बाबा श्याम के लक्खी मेले में आने वाले श्याम भक्तों को सुगमतापूर्वक दर्शन हो, इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

### ये व्यवस्था रहेगी

250 वायरलेस सेट 44 डिजिटल स्क्रीन एवं श्याम सारथी ऐप द्वारा मेले की समग्र मॉनिटरिंग की जाएगी। श्याम सारथी पोर्टल पर पार्किंग, मेडिकल कैंप, ऑनलाइन रूट दर्शन व्यवस्था सहित भंडारों एवं वाहनों सहित विभिन्न प्रकार के पास की अनुमति इसी ऐप के माध्यम से दी जाएगी। मेला एरिया में लगने वाली सभी डिजिटल स्क्रीन पर पार्किंग व्यवस्था, मेला दर्शन व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण अनाउंसमेंट किए जाएंगे। मेले के दौरान प्राइवेट बसों का किराया निर्धारित किया जाएगा, इसके बाद उसी के अनुसार बस चालक किराया लेंगे। मेला अवधि के दौरान कुल 300 रोडवेज का संचालन किया जाएगा, जिनमें से 50 रोडवेज का संचालन रींगस से खाटू रोड पर किया जाएगा। मेले के दौरान कुल 14 मेडिकल बूथ स्थापित किये जायेंगे, जहां श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी, साथ ही 8 बाइक एंबुलेंस सहित कुल 31 एंबुलेंस मेला मेला अवधि में तैनात रहेगी। श्रद्धालुओं के पेयजल सुविधा के लिए एक करोड़ पानी के पाउच एवं 25 पानी की टंकियां सहित पानी के टैंकर की व्यवस्था की जाएगी। दुकानों एवं भंडारों में एक्सपायरी डेट का सामान बेचने और खिलाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस बार सांवलपुरा पार्किंग का विस्तार किया गया है, जहां अतिरिक्त वाहनों की पार्किंग की जा सकेगी। मेला परिसर को 9 सेक्टर में बांटा जाकर बुधवार से ही 4000 के करीब जवानों को तैनात किया जाएगा। मेले से संबंधित सभी तरह की अनुमतियां देने एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए श्याम सारथी के नाम से पोर्टल विकसित किया गया है, जिस पर सभी तरह की अनुमतियों के अप्रूवल ऑनलाइन दिए जाएंगे तथा इसी के माध्यम से मेले की समग्र मॉनिटरिंग की जाएगी। मंदिर एवं मेला परिसर में कुल 44 डिजिटल स्क्रीन्स लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से मेले से संबंधित सभी तरह की जानकारियां इन डिजिटल स्क्रीन्स पर साझा की जाएगी। खाटूश्यामजी को जोड़ने वाली सभी अप्रोच सड़क पर क्यूआर कोड स्कैनर्स लगाए जाएंगे, जिनको स्कैन कर संबंधित रूट से आने वाले भक्तगण पार्किंग स्थल की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। मेला अवधि के दौरान श्याम कुंड पूर्णतया बंद रहेगा, मेला अवधि में डीजे पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। मेले में इस बार सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी लोगों को छोड़कर सभी के लिए वीआईपी दर्शन व्यवस्था पूर्णतया बंद रहेगी। खाटू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुगम परिवहन कराने के लिए इस बार क्यूआर कोड जारी किया जाएगा। श्रद्धालु यह क्यूआर कोड स्कैन कर पार्किंग स्थल तक आसानी से पहुंच सकेंगे और सुगमता से बाबा श्याम के दीदार कर सकेंगे। मंडा मोड एवं रींगस के खाटू मोड़ से मंदिर तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। छोटी कांच की इत्र की शीशियां बेचने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, रसद विभाग को मिलावटी भोजन एवं समयावधिपार खाद्य पदार्थ के सैंपल लेकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में आने वाली नालियों की साफ-सफाई करने, विद्युत के झूलते हुए तारों को सही करने, सड़कों को दुरुस्त करवाने, साफ-सफाई के लिए अतिरिक्त कचरा पात्र एवं कचरा को एकत्रित करने के लिए अतिरिक्त ऑटो टीपर लगाने के निर्देश दिए। मंदिर परिसर में महिला होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस के वालियंटर लगाने, मंडा मार्ग पर पैदल श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए लाइटिंग की व्यवस्था करने, जयपुर-खाटू राष्ट्रीय राजमार्ग पर डेडीकेटेड पैदल पथ को सही ढंग से तैयार करने, ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग-अलग जोन बनाए जाएंगे और उनके सीमित संख्या में पास जारी किये जायेंगे तथा बिना पास वाले ई-रिक्शा को जप्त करने के साथ ही सीज करने की कार्यवाही की जायेगी। जिला कलेक्टर शर्मा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को प्रमुख प्वाइंट चिन्हित कर बैरिकेडिंग करने, फ्लेक्सी पर्दे और सुगम कतार प्रणाली लागू करने, 4 कंट्रोल रूम स्थापित किए जाने, बिजली व फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र अनिवार्य करने, लामियां पीएचसी सहित आसपास के क्षेत्र के निजी व सरकारी अस्पताल को अलर्ट रखने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह, एडीएम सिटी भावना शर्मा, नीमकाथाना अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख, रींगस एडिशनल एसपी दीपक गर्ग, रींगस एसडीएम बृजेश गुप्ता, दांतारामगढ़ एसडीएम एवं मेला मजिस्ट्रेट मोनिका सामोर, सहायक मेला मजिस्ट्रेट महिपाल सिंह राजावत, खाटू थाना अधिकारी पवन चौबे, श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह, मैनेजर संतोष शर्मा सहित बैठक से जुड़े संबंधित विभागों के जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी, मंदिर कमेटी एवं व्यापार संघ के पदाधिकारी, मीडिया कर्मी उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क हुई क्षतिग्रस्त

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क दो साल में ही जगह . जगह से उखड़ गई है। कई जगह हालात ये हैं कि सड़क का नामोनिशान ही मिट गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम लोहा से भूखरेड़ी वाया सांगासर, कुसुमदेसर व फ्रांसा सड़क बनने के दो साल भीतर ही जगह -जगह से उखड़ गई है। ग्राम सांगासर से छाबड़ी मिठी तक के सड़क मार्ग की हालात और भी दयनीय है। उक्त मार्ग पर तो कई जगह से डामर पूरी तरह उखड़ गया है, जिससे वाहन चालकों के साथ साथ पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। हालात इस कदर बिगड़े हुए हैं कि सड़क से डामर उखड़ गया है तथा रास्ते पर एक से दो फिट तक गड्ढे पड़ गये है, जिसके कारण दुपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। ग्राम सांगासर व छाबड़ी मिठी के ग्रामीणों सहित आसपास के गांवों के लोगों में आक्रोश है तथा प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से सड़क को दुरुस्त करवाने की मांग की है।

ग्रामीण जनप्रतिनिधि पप्पु कड़वासरा एवं एडवोकेट सुरेंद्र गोदारा ने बताया कि अगर शीघ्र ही क्षतिग्रस्त सड़क की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो, मजबूरन आंदोलन की राह पकड़नी होगी। ग्रामीणों ने सड़क को लेकर विधायक पुसाराम गोदारा व पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि को भी अवगत करवाकर सामाधान की मांग की है।

# भारत को दुनिया की टॉप-3 एआई सुपरपावर में से एक होना चाहिए, पीएम मोदी ने बताया 2047 का विजन

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित एआई-इंडिया इम्पैक्ट समिट में भारत के आईटी क्षेत्र में एआई की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई भारत के आईटी सेक्टर को नष्ट नहीं कर रहा है, बल्कि इसे पूरी तरह से बदल रहा है। एआई को एक एनेबलर के रूप में देखना चाहिए, जो नई पीढ़ी की आउटसोर्सिंग और डोमेन-स्पेसिफिक ऑटोमेशन के माध्यम से विकास को बढ़ावा देगा। न्यूज एजेंसी ह्ह्ड को दिए इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा, एआई-संचालित बदलावों के कारण भारत का आईटी सेक्टर 2030 तक 400 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह सेक्टर पहले से ही सेवाओं के निर्यात का मजबूत आधार रहा है। अब एआई के साथ यह उत्पादों, प्लेटफॉर्म्स और समाधानों के निर्माण में भी आगे जा सकता है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को दुनिया की टॉप तीन एआई सुपरपावर में से एक होना चाहिए। सरकार ने इंडिया एआई मिशन के माध्यम से मजबूत घरेलू एआई इकोसिस्टम विकसित करने की व्यापक रणनीति अपनाई है। इस मिशन के तहत त्नक्क की संख्या लक्ष्य से अधिक हो चुकी है और अब और 20,000 त्नक्क जोड़े जा रहे हैं, जिससे कुल 38,000 से अधिक हो जाएंगे। उच्च-स्तरीय त्नक्क अब मात्र 65 रुपये प्रति घंटे की दर से उपलब्ध हैं, जो वैश्विक औसत से लगभग एक-तिहाई कम है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और सस्टेनेबल सिटीज में चार सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस व स्किलिंग के लिए पांच नेशनल सेंटर्स स्थापित किए गए हैं।

भारत के पास क्या है टारगेट-प्रधानमंत्री ने कहा कि अगला चरण एआई के डिजाइन, रिसर्च और डेवलपमेंट पर केंद्रित होगा, ताकि भारत की जरूरतों के तहत समाधान तैयार हो सकें। एआई से जुड़े निवेश 200 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। पीएम मोदी ने एआई में पूर्वाग्रह के मुद्दे पर भी गहन चिंता जताई और वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एआई सिस्टम लिंग, भाषा और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से जुड़े पूर्वाग्रहों को प्रतिबिंबित कर सकते हैं। पश्चिमी संदर्भों में ये बायस स्पष्ट नजर न आएं, लेकिन भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विविधता के कारण ये अलग-अलग तरीके से प्रकट हो सकते हैं।

# नाला निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री की शिकायत



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** वार्ड संख्या 45 में तीन स्थानों पर किए जा रहे नाला निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने एवं ठेकेदार द्वारा शेड्यूल के विपरीत मनमाने ढंग से कार्य करने की स्थानीय पार्षद एवं वार्डवासियों ने शिकायत की है। यहां नगरपालिका द्वारा वार्ड नं. 45 में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए निविदाएं लगाई गई है। यहां झावरमल, नोरतमल भूतोड़ीया के घर से गोपालपुरा रोड तक, नाला निर्माण कार्य, संपत सोनी के घर से लालखां की ढाणी तक एवं जैनविश्व भारती के पीछे से सुजानगढ़ रोड तक नाला निर्माण कार्यों में टेंडर प्रक्रिया का विधिवत रूप से पालन नहीं किया गया है।

संवेदकों को बिना कार्य आदेश जारी किए और ऑनलाइन इप्रोक साइड पर टेंडर ओपन किये बिना आधे से ज्यादा निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया है, जिसमें जी शेड्यूल के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है एवं घटिया निर्माण सामग्री उपयोग में ली गई है। यह नाला पानी के तेज बहाव को झेल नहीं पाएगा तथा बारिश में नाले में रुकावट होने की आशंका है। लोगों ने कार्यों में भारी भ्रष्टाचार होना बताया। वार्डवासियों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर ठेकेदारों को पाबंद कर कार्य आदेश की जांच कर भुगतान रोकने की मांग की है।



# आचार्यश्री ने आगम कार्य को शीघ्र पूर्ण करने पर दिया जोर

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन विश्व भारती सुधर्मा सभा में योगक्षेम प्रवास वर्ष के अंतर्गत धार्मिक प्रवचन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का दौर निरंतर जारी है।

मंगलवार को यहां तीन दिवसीय अनुष्ठान कार्यक्रम के दौरान आचार्य श्री महाश्रमण ने उपस्थित तेरापंथ धर्मावलंबियों को प्रवचन देते हुए संत, साध्वियों को 32 आगम के बारे में जानकारी प्रदान की।

आचार्य श्री ने मूल पाठ के आधार पर उसका अनुवाद समझने को ज्ञान बताया। उन्होंने कहा कि अनुवाद करने में पक्षपात का भाव नहीं आना चाहिए। आगम कार्य गुरुदेव तुलसी के समय से शुरू किया गया है। सुबह, दोपहर, शाम को जैसे समय मिले साहित्य और आगम पर कार्य कर इसको कुछ वर्षों में पूर्ण करने पर बल दिया। उन्होंने सामूहिक प्रवचन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अकेले के बजाय समूह में किया गया आगम अधिक लाभकारी होता है। संत मुख्य प्रवचन कार्य में जरूर उपस्थित रहें और इसका धर्म लाभ उठाएं।

उन्होंने अध्ययन करने, पीएचडी करने वाले साधु साध्वियों के लिए भी योगक्षेम प्रवास वर्ष काल को स्वर्णिम काल बताया। इस अवसर पर प्रवास व्यवस्था समिति अध्यक्ष प्रमोद बैद, मंत्री राजेंद्र खटेड, चेन्नई निवासी केवल मंडोत सहित बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# दिल्ली रैली की तैयारी में माकपा, झुंझुनू में चला रणनीति मंथन

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की जिला कमेटी झुंझुनू की विस्तृत बैठक सोमवार को शिक्षक भवन, इंदिरा नगर स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड प्रभुराम नारनौलिया ने की जबकि पर्यवेक्षक के रूप में राज्य सचिव मंडल सदस्य एवं पूर्व विधायक धोद कॉमरेड पेमाराम मौजूद रहे। जिला सचिव राजेश बिजारणियां ने बताया कि बैठक में जयपुर में आयोजित राज्य कमेटी बैठक की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कॉमरेड पेमाराम ने केंद्र की भाजपा-आरएसएस सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए मनरेगा कानून में बदलाव, चार लेबर कोडए बिजली बिल 2025, स्मार्ट मीटर, बीज बिल 2025, शांति बिल तथा विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को आम जनता, मजदूरों और किसानों के हितों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों के विरोध में 24 मार्च 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित पार्टी की विशाल रैली को सफल बनाना मुख्य लक्ष्य रहेगा। राज्य सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड फुलचंद बर्बर ने कहा कि यह रैली बिजली, बीज, मनरेगा, श्रम कानूनों की समाप्ति, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर निर्णायक संघर्ष का कदम होगी। इसे सफल बनाने के लिए जिले की सभी तहसीलों में जत्थों द्वारा सघन प्रचार अभियान चलाया जाएगा। पूर्व जिला सचिव सुमेर बुडानिया ने बताया कि राजस्थान में पार्टी पोलिट ब्यूरो सदस्य व सीकर सांसद अमरा राम, कॉमरेड बिजू कृष्णन और राज्य सचिव किशन पारिक के नेतृत्व में 24 फरवरी को घड़साना से जत्था रवाना होगा, जो श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, डूंगरगढ़ और सीकर होते हुए 5 मार्च को झुंझुनू पहुंचेगा। झुंझुनू जिले में नवलगढ़ और गुढ़ा में दो जनसभाएं आयोजित होंगी तथा 6 मार्च को जत्था नीमकाथाना के लिए रवाना होगा। पूर्व उप जिला प्रमुख कॉमरेड विद्याधर गिल ने बताया कि गुढ़ा की जनसभा को सफल बनाने के लिए 20 फरवरी को बैठक कर सभा स्थल तय किया जाएगा और प्रचार अभियान तेज किया जाएगा। झुंझुनू तहसील सचिव बिलाल कुरैशी ने बताया कि 24 मार्च की दिल्ली रैली में झुंझुनू तहसील से सौ कार्यकर्ता भाग लेंगे। मलसीसर तहसील सचिव महीपाल पूनियां ने भी गांव-गांव प्रचार अभियान चलाने की बात कही। किसान सभा के महासचिव मदन सिंह यादव और जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल महला ने 5 मार्च को नवलगढ़ में होने वाली सभा की तैयारियां शुरू करने की घोषणा की। सीटू से गजराज कटेवा ने मजदूरों की बड़ी भागीदारी का दावा किया।

डीवाईएफआई जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर ने कहा कि नौजवान इस आंदोलन में बढ़.चढ़कर हिस्सा लेंगे। बैठक में डीवाईएफआई जिला महासचिव, गुढ़ा तहसील सचिव शिवनाथ महला, नवलगढ़ तहसील सचिव धन्नाराम सैनी, अरविंद गढ़वाल, महावीर खरबास, देवकीनंदन बसेरा, साबीर भाटी, आशु चौधरी, एसएफआई जिला महासचिव प्रिया चौधरी, पूर्व जिला महासचिव सचिन चोपड़ा, डीवाईएफआई कोषाध्यक्ष रामचंद्र टोडरवास, सुरेश पूनिया, नरेंद्र डाबरी, दीपक रामपुरा, अमित पूनिय, साहिद खान, साहिल खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधानसभा घेरने निकले कांग्रेस नेताओं पर बरसाई लाठियां:पुलिस ने पानी की बौछार की; अमीन पठान बोले- कार्यकर्ताओं को चोट आई

**जयपुर।** विधानसभा घेराव करने निकले कांग्रेस नेताओं पर पुलिस ने पानी की बौछार की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। दरअसल, राजस्थान कांग्रेस के खेलकूद प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता 22 गोदाम स्थित सहकार भवन पर इकट्ठा हुए थे। यहां से रैली के रूप में निकले, लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान ने कहा- प्रदर्शन में 12 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को चोट आई है। पुलिस ने आज बर्बरता पूर्वक हम पर वॉटर कैनन का इस्तेमाल कर लाठियां बरसाई। हम डरने वाले नहीं हैं। पुलिस गोलियां चलाएगी तो भी हम युवाओं की आवाज को उठाते रहेंगे। इससे पहले 22 गोदाम पर सभा के दौरान पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी शामिल रहे। मंच पर डोटासरा ने गमछा लहराकर डांस भी किया। इस दौरान प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखेंगे और सरकार को जवाब देना होगा।

पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प, वॉटर कैनन चलाई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज दोपहर डेढ़ बजे जैसे ही विधानसभा की ओर बढ़ने का प्रयास किया, पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड हटाने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने वॉटर कैनन का इस्तेमाल कर भीड़ को तितर-बितर किया।

### अमीन पठान बोले- बीजेपी सरकार के गठन के बाद खेल बजट में कमी

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान ने कहा- प्रदेश में बीजेपी सरकार के गठन के बाद खेल बजट में कमी, खिलाड़ियों को समय पर टीए-डीए, प्रोत्साहन राशि और छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। खेल मैदानों पर अतिक्रमण और स्टेडियम निर्माण कार्य ठप हो गए हैं, जिससे युवा नशे की ओर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अगर सरकार ने जल्द से जल्द हमारी वाजिब मांगों को पूरा नहीं किया तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने विधानसभा अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपकर भाजपा सरकार पर खेल विरोधी नीतियां को समाप्त कर खिलाड़ियों को सुविधाएं और नौकरी देने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190